संहिता की धारा 320 की उपधारा (9) में स्पष्ट किया गया है कि उपधारा (1) व (2) की सारणी में वर्णित अपराधों के अलावा अन्य कोई अपराध, जब तक कि किसी विधि में शमनीय नहीं बनाया गया हो, शमन योग्य नहीं होगा। न्यायदृष्टांत ***रमेशचंद्र वि. ए.पी. झवेरी, ए.आई.आर 1973 एस.सी. 84*** में प्रतिपादित किया गया है कि अन्य विधि में दण्डित अपराध जो कि संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत विचारणीय हैं, यदि उपधारा (1) व (2) की सारणी में वर्णित नहीं हैं तो वे शमनीय नहीं माने जा सकते हैं। इसी संबंध में माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का न्यायदृष्टांत ***आशीष उर्फ बिट्टू शर्मा वि. म.प्र. राज्य व अन्य, 2016 (1) एमपीजेआर 122*** भी अवलोकनीय है। धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अधीन अपराध उक्त अधिनियम की धारा 142 के अनुसार शमनीय है न कि संहिता की धारा 320 के अंतर्गत। अन्य विधि के अधीन अपराध में उस विधि विशेष में ही शमनीय होने पर शमन योग्य होंगे।

अशमनीय अपराध में समझौते का तथ्य दण्ड निर्धारण में विचार में लेनाः

न्यायदृष्टांत ***हंसी मोहन बर्मन व अन्य वि. असम राज्य व अन्य, (2008)1 एससीसी 184*** में प्रतिपादित किया है कि केवल वे अपराध जो धारा 320 की उपधारा (1) व (2) की सारणी में दर्शित किये हैं शमन योग्य हैं। अन्य अपराधों में, जो शमनीय नहीं हैं, केवल शमन के तथ्य को विचार में लेकर दोषसिद्धी होने पर दण्ड को कम किया जा सकता है। इस संबंध में ***शाजी उर्फ पप्पू वि. राधिका व अन्य, (2011)10 एससीसी 705*** एवं ***शंकर व अन्य विरूद्ध महाराष्ट्र राज्य, 2019 (5) एस.सी.सी. 166*** अवलोकनीय है। यद्धपि नवीनतम ***न्यायदृष्टांत म.प्र. राज्य वि. मदनलाल, एआईआर 2015 एससी 3003*** भी अवलोकनीय है जहां पर बलात्संग के मामले में राजीनामा या समझौता या मध्यस्थता

हो जाने के आधार पर दण्ड के प्रश्न पर नरम रूख अपनाना उचित नहीं ठहराया है। अर्थात् अपराध की प्रकृति और गंभीरता एवं दण्ड अधिरोपित करने के अन्य मार्गदर्शी सिद्धांत भी ध्यान में रखना चाहिए।

शमनीय और अशमनीय अपराधों के आरोपों की दशा में प्रक्रियाः

जहां कुछ धाराएं शमन योग्य अपराध की हैं और कुछ धाराएं अशमनीय अपराध की हों, तब ऐसे मामलों में न्यायालय शमन योग्य अपराधों के संबंध में शमन की अनुमति प्रदान कर सकता है और शमन के आधार पर अभियुक्त को दोषमुक्त कर सकता है जबकि अशमनीय अपराध के लिये विचारण पूर्ण कर गुण–दोष पर निर्णय दिया जाएगा। एक से अधिक अभियुक्तों की दशा में एक या अधिक अभियुक्त के विरूद्ध अपराध शमन करने व शेष के विरूद्ध विचारण पूर्ण कर गुण–दोष पर निर्णय करने के लिए भी न्यायालय समर्थ है। इस संबंध में ***फिलीपोज फिल्प वि. थॉमस जार्ज, 1952 क्रिमिनल लॉ जनरल 65*** एवं ***पी.एम. अबु बाकर वि. पी.जे. एलेक्जेंडर, 2000 क्रिमिनल लॉ जनरल 1168*** अवलोकनीय है।

अपराध के शमन का प्रभावः

अपराध शमन का प्रभाव अभियुक्त की दोषमुक्ति होता है। उन्हीं तथ्यों पर उसी अपराध के लिए अभियुक्त का पुनः विचारण संहिता की धारा 300 से बाधित होगा। इस सम्बन्ध में ***सुरवि मुखर्जी वि. राज्य, एआईआर 1965 कलकत्ता 469*** अवलोकनीय है।

दोषसिद्धी अभिलिखत करने और दण्डादेश पारित करने के बीच अपराध शमन हेतु आवेदन का निराकरणः

विचारण के दौरान किसी भी प्रक्रम पर शमन हेतु आवेदन पर विचार किया जा सकता है। न्यायदृष्टांत ***अजगर अली नजगर अली सिंगापुर वाला वि. बाम्बे राज्य, एआईआर 1957 एससी 503*** में प्रतिपादित विधि से स्पष्ट है कि किसी मामले में दण्ड सुनाये जाने तक विचारण प्रारंभ रहता है। ***असलम मीणा वि. एम्परर, एआईआर 1918 कलकत्ता 238(2)*** अवलोकनीय है जहां प्रतिपादित किया है कि दण्ड सुनाने से पूर्व प्रस्तुत हुए शमन आवेदन को न्यायालय विचार में ले सकती है।

इस संबंध में माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का न्यायदृष्टांत ***ओ.टी.जी. ग्लोबल फाईसेंस लिमिटेड कम्पनी व अन्य वि. मोहन मंडेलिया व अन्य आईएलआर 2011 एम.पी. एसएन 152*** भी अवलोकनीय है जहां यह प्रतिपादित किया है कि निर्णय पारित करने के बाद दिये गये शमन आवेदन को न्यायालय कार्यवाही पूर्ण होने के कारण विचार में नहीं ले सकता है। परंतु इस संबंध में यह अवलोकनीय है कि उक्त न्यायदृष्टांत धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के अपराध से संबंधित है जो समन प्रकृति का मामला है जहां दण्ड के प्रश्न पर सुनने के लिये निर्णय स्थगित नहीं किया जाता है। ऐसे में उक्त न्यायदृष्टांत में प्रतिपादित विधि निर्णय पारित होने के बाद परंतु दण्डादेश से पहले प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई निषिद्ध नहीं करती है।

अशमनीय अपराध के आरोप में विचारण करने और गुणदोष पर शमनीय अपराध सिद्ध पाए जाने की दशा में भी विचारण न्यायालय ऐसे सिद्ध पाए गए अपराध का शमन स्वीकार कर सकता है।

अपील में अशमनीय अपराध के एवज में शमनीय अपराध के लिए दोषसिद्धी की दशा में अपराध का शमनः

माननीय सर्वोच्च न्यायालय का न्यायदृष्टांत ***रामशंकर वि. उत्तरप्रदेश राज्य, (1982) 3 एससीसी 388*** अवलोकनीय है, जहां प्रतिपादित किया गया है कि यदि अशमनीय प्रकृति के अपराध में दोषसिद्धी से अपील की सुनवाई पर अपीलीय न्यायालय अभियुक्त को शमनीय प्रकृति के अपराध में दोषी पाता है तब अपराध के शमन हेतु आवेदन स्वीकार कर सकते हैं।

क्या अभियुक्त की उपस्थिति या सहमति आवश्यक हैः

संहिता की धारा 320 से यह स्पष्ट है कि परिवादी, आहत या वह व्यक्ति जिसका उल्लेख सारणी के कॉलम 3 में किया गया है उसकी सहमति एवं स्वेच्छया से अपराध शमन किया जा सकता है। अपराध शमन करने के लिये अभियुक्त की उपस्थिति या अभियुक्त की सहमति आवश्यक नहीं है। ऐसे में अभियुक्त की अनुपस्थिति में या उसके सहमत न होने पर भी यदि परिवादी शमन हेतु आवेदन देता है तो न्यायालय ऐसे आवेदन पर विचार कर सकता है।

क्या फरियादी/आहत व्यक्ति की उपस्थिति आवश्यक हैः

संहिता की धारा 320 के अनुसार अपराध शमन सारणी के कॉलम 3 में उल्लेखित व्यक्ति की सहमति एवं स्वेच्छया से ही किया जा सकता है। परंतु कतिपय आपवादिक अवस्थाओं जैसे कि गंभीर बीमारी, दूरस्थ स्थान पर कार्यरत होने या किन्हीं अन्य आधारों पर वह व्यक्ति यदि स्वयं न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकता है तब भी यदि उस व्यक्ति की ओर से शपथपत्र से समर्थित स्व–हस्ताक्षरित आवेदन पत्र अपराध शमन किए जाने की परिस्थितियों, अक्षमता के आधार और स्वेच्छया आवेदन प्रस्तुत किए जाने के विवरण सहित प्रस्तुत किया जाता है और उसका कोई परिजन न्यायालय में उपस्थित होकर उस व्यक्ति की असमर्थता के तथ्य और आवेदक के द्वारा स्वेच्छया आवेदन प्रस्तुत किए जाने के कथनों की पुष्टि करता है तब उक्त आहत के न्यायालय में व्यक्तिशः उपस्थित नहीं होने पर भी न्यायालय ऐसे आवेदन पर विचार कर सकता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***रामलाल सतनामी वि. म.प्र. राज्य, 1990 एमपीएलजे 123*** अवलोकनीय है।

शमन की अनुमति के लिए उपयुक्त मामलेः

अपराधों के शमन की अनुमति देते समय न्यायालय को ***गोपाल तिवारी व अन्य वि. म.प्र. राज्य, 2010 एमपीजेआर 162*** में प्रतिपादित सिद्धांत को ध्यान में रखना चहिये। न्यायालय को शमन की अनुमति के समय उभयपक्ष के मध्य समझौते के तथ्य के अलावा ऐसे शमन का समाज पर क्या प्रभाव होगा इस तथ्य को भी विचार में रखना चाहिये। ऐसे अपराध जहां कई लोग प्रभावित हुए हैं, जैसे जन समूह के प्रति छल का अपराध, महिलाओं व बच्चों के प्रति गंभीर और आपराधिक मंतव्य से किए गए अपराध। ऐसे मामलों में आपवादिक परिस्थितियों में ही अपराध शमन की अनुमति प्रदान की

जानी चाहिये। अन्यथा अपराध के कारण समाज पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव को देखते हुए शमन की अनुमति से इंकार भी किया जा सकता है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायदृष्टांत ***भाग्यानदास विरूद्ध उत्तराखंड राज्य, व अन्य 2019 (2) टाईम्स 27 सुप्रीम कोर्ट*** में प्रतिपादित किया गया है कि न्यायालय का यह विवेकाधिकार है कि वह शमन हेतु प्रस्तुत आवेदन को अपराध की प्रकृति और समाज पर इसके प्रतिकूल प्रभाव को विचार में लेकर अपराध शमन की अनुमति से इंकार कर सकता है।

क्या अपराध शमन होने के बाद इसे अपील में चुनौती दी जा सकती हैः

संहिता की धारा 320 की उपधारा (8) के अनुसार शमन का प्रभाव दोषमुक्ति होगा। अर्थात् जिस प्रकार दोषमुक्ति के निर्णय या आदेश को अपील में चुनौती दी जा सकती है उसी प्रकार अपराध शमन के आधार पर पारित दोषमुक्ति के आदेश को अपील में चुनौती दी जा सकती है। इस सम्बन्ध में ***रमेश चन्द्र वि. ए.पी. झबेरी, ए.आई.आर. 1973 सुप्रीम कोर्ट 84*** एवं ***एस. के. सेफुद्दीन मुण्डल वि. राज्य व अन्य, 1983 क्रिमिनल लॉ जनरल 109*** अवलोकनीय है। उक्त दोनों मामलों में न्यायालय में अशमनीय प्रकृति के मामले में अपराध शमन की अनुमति दे दी थी। जिसे चुनौती दिये जाने पर उक्त विधि प्रतिपादित की गई है।

●

"Life is"

"Life is an opportunity benefit from it.

Life is Beauty, admire it.

Life is bliss, taste it. Life is a dream, realize it.

Life is a challenge, meet it. Life is a duty, complete it."

Mother Teresa

AUTOMATIC VACATION OF STAY ORDERS IN SIX MONTHS: IMPORT OF JUDGMENT IN ASIAN RESURFACING

– By **Yashpal Singh**
Deputy Director, MPSJA

INTRODUCTION

Cases in India can take years to be disposed of. The district judiciary account for 87% of India's pending litigation. There are multiple reasons for this pendency and one of the reasons greatly responsible for causing inordinate delay is stay of proceedings on account of interim orders of appellate and revisional courts. A greater challenge faced by the judiciary and litigants alike is the delay in determination of cases at the appellate and revisional level, which in turn leads to endless wait for determination of matters even at the trial stage. Moreso, interim orders that stay proceedings before a subordinate court are often misused by litigants as a dilatory tactic to maintain status quo in their favor. Hon'ble Supreme Court addressed this issue in ***Asian Resurfacing Road Agency v. Central Bureau of Investigation, (2018) 16 SCC 299 (Asian Resurfacing-I)***.

AUTOMATIC VACATION OF STAY ORDERS IN SIX MONTHS

The Hon'ble Supreme Court of India dealt with the issue of undue delay in trials caused by stays in ***Asian Resurfacing-I*** (supra), and noted that once a stay is granted, disposal of petition before the High Court takes a long time. Hon'ble the Supreme Court also emphasised on the accountability of the courts while granting stay of proceedings and held that such matters should be disposed of in two-three months without allowing any adjournments. To ensure a speedy disposal of such cases, Hon'ble Apex Court directed that a stay of trial proceedings before civil and criminal appellate/revisional courts ordered by a High Court or a court below High Court shall automatically expire in six months, unless extended by a speaking order.

The Apex Court issued the following directions with respect to pending cases:

1. In all pending cases where stay against proceedings of a civil or criminal trial is operating, such stay will come to an end upon the expiry of 6 (six) months from the date of the judgment of the Apex Court i.e. 28th March 2018; unless in an exceptional case, by a speaking order, such stay is extended.
2. In cases where stay is granted in future, such stay will end upon the expiry of 6 (six) months from the date of such order unless a similar extension is granted by a speaking order.

3. The speaking order must show that the case was of such exceptional nature that continuing the stay was more important than having the trial finalized.

4. The trial court before which the order of stay of civil or criminal proceedings is produced, may fix a date not beyond 6 (six) months from the date of the order of stay so that upon expiry of the period of stay, proceedings can resume unless an order of extension of stay is produced.

This direction has been reiterated by the Hon'ble Supreme Court vide Order dated 15.10.2020 passed in ***(Asian Resurfacing Road Agency v. Central Bureau of Investigation (Asian Resurfacing-II))***. This essentially means that once the six-month period is over, the trial courts may resume the proceedings without waiting for any other intimation, unless an express order extending the stay is passed. No contempt proceedings would lie against the presiding officers of trial courts on having proceeded in terms of ***(Asian Resurfacing-I)*** (supra) after the lapse of six months.

STAY BY SUPREME COURT NOT VACATED AUTOMATICALLY

The applicability of the judgment to the orders of the Hon'ble Supreme Court was clarified in the judgment of ***Fazalullah Khan v. M. Akbar Contractor and Ors., 2019 SCC OnLine SC 1513***. While dealing with the question of eviction proceedings, the division bench held that the directions in ***Asian Resurfacing-I*** (supra) would not apply to the interim orders issued by the Hon'ble Supreme Court. It was clarified that if the interim order granted by the Hon'ble Supreme Court is not vacated and continues beyond a period of six months by reason of pendency of the appeal, it cannot be said that the interim order would automatically stand vacated.

STAY AUTOMATICALLY VACATED ONLY AT TRIAL STAGE OF LITIGATION

High Courts and Tribunals were approached with varying interpretations of the ***Asian Resurfacing-I*** (supra) judgment. Parties sought an all-encompassing interpretation of the judgment such that the stay of all kinds would stand automatically vacated. In view of this, the scope of the exception created by ***Asian Resurfacing-I*** (supra) was clarified by various High Courts.

Madhya Pradesh High Court in ***M/s Ratan Lal Gattani Sons v. Shri Parshwanath Digamber Jain Mandir, Katni*** (Order dated 05.12.2018 Second Appeal No. 1265 of 2012), has held that the law laid down in ***Asian Resurfacing-I*** (supra), would not be applicable in execution cases, where appeal is already pending and stay has been granted by the Court.

The Allahabad High Court and the Andhra Pradesh High Court have respectively in ***Dharam Vir Sood v. Savitri Devi and ors.*** (S.C.C. Revision No. 205 of 2016, Order dated 5.04.2019) and ***K. Ranga Prasad Varma v. Kotikalapudi Sitarama Murthy and ors., AIR 2020 AP 22***, held that the directions in ***Asian Resurfacing-I*** (supra) shall apply only when the trial proceedings are stayed. The courts specifically held that there will be no automatic vacation of stay on proceedings before a court post the trial stage when the judgment and decree have been passed.

HOW TO PROCEED AFTER THE EXPIRY OF PERIOD OF SIX MONTHS?

Trial courts are encountered by a question that how to proceed after the expiry of period of six months? The answer to this question lies in the judgment of Apex Court in ***Asian Resurfacing-I*** (supra). The phrases "such stay will come to an end" and "so that upon expiry of the period of stay, proceedings can resume" are clear enough to reach to the conclusion that the vacation of stay is automatic and no formal order of vacation of stay is required to be passed by the court which stayed the proceedings. The trial court in which proceedings in a case were stayed shall be competent to proceed with the further course of trial after such automatic vacation of stay, unless an order of extension of stay is produced before it.

CONCLUSION

The judgment in ***Asian Resurfacing-I*** (supra) and order in ***Asian Resurfacing-II*** (supra) of the Apex Court certainly paves the way to expedite trial-stage litigations by controlling one aspect that leads to delays. The time limit set on staying trials on account of appeals and revisions would substantially reduce the total time taken to finally conclude the trial. Auto expiration of stay orders creates a perception of informal deadlines thus reducing unnecessary and/or willful delays as well as dilatory tactics adopted by Litigants. The district judiciary will now be encouraged to conduct trials in a time bound manner.

●

LIMITATION FOR COGNIZANCE OF OFFENCES UNDER M.P. EXCISE ACT

– By **Anurag Sharma**
Civil Judge Class II, Bhind

> "The general rule of criminal justice is that "a crime never dies". The principle is reflected in the well-known maxim *nullum tempus aut locus occurrit regi* (lapse of time is no bar to Crown in proceeding against offenders). ... Normally, in serious offences, prosecution is launched by the State and a court of law has no power to throw away prosecution solely on the ground of delay. Mere delay in approaching a court of law would not by itself afford a ground for dismissing the case though it may be a relevant circumstance in reaching a final verdict."
>
> ***Japani Sahoo v. Chandra Sekhar Mohanty, (2007) 7 SCC 394***

The courts of Judicial Magistrate are often confronted with the issues relating to mandatory requirements for taking cognizance and prescribed limitation for presenting complaint/final report of offences under the M.P. Excise Act, 1915 (in short "the Act"). This article is an effort to understand the law relating to cognizance and limitation regarding the offences under the Act.

Section 61 of the Act provides for limitation in which prosecution of offences under the Act is required to be initiated alongwith certain preconditions for taking cognizance. Notably section 61 was amended in the year 2014 and reads as under;

> **61. Limitation of prosecutions.–** (1) No Court shall take cognizance of an offence punishable —
>
> (a) under Section 34 for contravention of any condition of licence, permit or pass granted under this Act, Section 37, Section 38, Section 38-A, Section 39, except on a complaint or report of the Collector or an Excise Officer not below the rank of District Excise officer as may be authorized by the Collector in this behalf;
>
> (b) under any other section of this Act other than Section 49 except on the complaint or report of an Excise Officer or Police Officer.
>
> (2) Except with the special sanction of the State Government no Judicial Magistrate shall take cognizance of any offence punishable under this Act, or any rule or order thereunder, unless the prosecution is instituted within six months from the date on which the offence is alleged to have been committed.

Section 61 can be segregated into 3 parts, namely;

(i) Offences of breach of conditions of licence issued under the Act and offences u/s 37, 38, 38A and 39 of the Act. [section 61 (1)(a)]

(ii) Other offences except section 49 the Act. [section 61(1)(a)]

(iii) Limitation and its condonation. [section 61 (2)]

Offences of breach of conditions of licence

Section 61 (A) of the Act (as amended) provides certain mandatory condition for taking cognizance of offences under the Act, same is thus;

Offences	**Mandatory Requirement**
Section 34 (in contravention of any licence, permit or pass)	Complaint or report of the Collector or an Excise Officer not below the rank of District Excise Officer
Sections 37, 38, 38-A, and 39	

It has to be keep in mind that section 61 of the Act begins with the words; "No Court shall take cognizance of an offence". Non-obstante clause makes the condition prescribed as mandatory. Impliedly, where any individual having licence to sell or manufacture or use the alleged liquor contravenes the condition of licence, then to begin the criminal proceedings against such individual for the offence punishable u/s 34 along with offences u/s 37, 38, 38-A and 39 of the Act, mandatory requirement is that such proceeding must be initiated on the complaint or report of the Collector or an Excise Officer not below the rank of District Excise Officer. It is needless to point out that this prerequisite condition is the foremost requirement and non-compliance of such conditions will vitiate the entire proceedings.

In the case of ***Gajendra Singh Bhadoria v. State of M.P., 2017 (2) MPJR 21,*** police registered offence u/s 34 and 42 of the Act at Police Station Daboh, District Bhind against a person, who was found to be in possession of 20 quarter (180 ml. each) of country made liquor without licence, who, during the investigation disclosed that, the seized country made liquor was purchased by him, from the liquor shop of the petitioner. Thereafter, police lodged FIR against two persons namely; Kallu Rathore and liquor shop owner/ petitioner. It was found that the petitioner had valid licence to sell the liquor. Hon'ble High Court of Madhya Pradesh has held as under;

> "In the instant case, the prosecution in respect of offence under section 34 of the Act has been initiated at the instance of police and therefore, learned Magistrate could not have taken cognizance of the offence in view of the provisions embodied in Section 61(1)(a) of the Act. The power of

> authorisation by the Collector is not absolute, it is circumscribed. It is not open to him to authorise any officer."

Similarly, in the case of ***Hari Singh Shivhare v. State of M.P*** (M.Cr.C. No. 2977 of 2017 Order dated 22.08.2017, High Court of Madhya Pradesh), the police registered offence u/s 34(2) and 42 of the Act against an accused person, who was found in possession of 225 cartons of country made liquor without any valid licence. An FIR was registered against the petitioner and other co-accused persons. Petitioner challenged the said proceeding on the ground that the Court could not have taken cognizance in view of section 61 of the Act. It was found that the petitioner had valid license to sell liquor, Hon'ble High Court of Madhya Pradesh has held as under;

> "It is clear that since the complaint has not been filed either by the Collector or by his authorised officer and the FIR was not lodged on the report of the Collector or any officer authorised by him in this behalf, therefore, the Court below was not authorised to take cognizance of the case. ...The petitioner being a valid licence holder is authorised to sell liquor. Even if it is assumed that co-accused are found taking the liquor seized from their possession, prima facie, it cannot be said that the petitioner has committed any offence under sections 34 & 42 of the Act as there is no breach of any condition of the licence granted in favour of the petitioner."

Similarly in the recent case of ***Girish Bhatnagar v. State of M.P., 2018 (2) MPJR 262*** it has been held that –

> "Indisputably, the police had filed the charge-sheet and the prosecution has not filed the complaint before the Trial Court as required under section 61 of the Act. As the proceedings before the Magistrate are *void ab initio*, therefore, it would be unnecessary for this Court to refuse to entertain the petition by holding that the applicant must surrender before the Magistrate. The applicant can be said to be absconding as the warrant of arrest has been issued, but when the Magistrate could not have taken cognizance of the offence, then the entire proceedings would be without jurisdiction, therefore, in the considered opinion of this Court, the present petition would be maintainable due to non-compliance of section 61 of the Act... ."

In all above said cases, the petitioners were made accused for the contravention of condition of licence/permit, on the basis of confessions of co-accused i.e statement given by the co-accused u/s 27 of the Indian Evidence Act.

Other offences (except offence u/s 49)

Where individuals are found in possession of illicit liquor without having any valid licence, in such case any criminal court can take cognizance of the said offence either on the complaint or report of an Excise Officer or Police Officer. The term "report of the police officer" makes it clear that police officer can even register the FIR and after investigation can file the final report u/s 173 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (in short "Cr.P.C.), which leaves us with no bar in taking cognizance on such report. However, this procedure is not required to be adopted in case of offence u/s 49 of the Act which provides for penalty on officers making vexatious search, seizure, detention or arrest.

Limitation and condonation of delay

It is clear from the plain reading of section 61(2) of the Act that prescribed limitation for initiating proceeding under the Act is six months from the date of commission of offence. The terminology used in the section provides that the said prescribed limitation is for all the offences under the Act. Legislature had been clear in its view by quoting "any offence punishable under this Act, or any rule or order thereunder." This clause of the section also carries the *non-obstante* clause by saying "no judicial magistrate shall take cognizance". Thus, initiation of proceeding within six months from the date of offence is mandatory condition laid by the legislature.

However, this *non-obstante* clause is subject to one exception i.e "with the previous sanction of the State Government", which leads us to analyze that, which forum has the power to condone the delay where any complaint or report under this Act is presented after the expiry of six months.

Firstly it is expedient to note that the Act is a special law, therefore, special law will prevail over the general law. Thus, the powers conferred on the criminal courts under Chapter XXXVI of the CrPC, cannot be exercised by the courts for condoning delay at the stage of taking cognizance under this Act. Secondly, since the Act does not provide any provision for the condonation of delay for presentation of complaint/ final report, there is legislative bar on the powers of Judicial Magistrates to condone delay in initiating such proceedings. Law on this point is clear that only State has the power to condone delay and give sanction to initiate the proceeding against the offence under the Act after the expiry of prescribed limitation of six months, once the sanction is given by the State Government, Judicial Magistrate is bound to take cognizance of such

offences. Hon'ble the High Court of Madhya Pradesh in the case of ***Ramesh Tiwari v. The State of Madhya Pradesh, ILR (2017) M.P. 109*** has held as under;

> "The M.P. Excise Act, 1915 is a special enactment and its provision shall prevail over to the provisions of the Cr.P.C insofar as it relates to limitation of prosecution is concerned. It is made clear here that if an offence is committed under the Excise Act, to which special provision is specified in the statute, the provision of the general statute would apply atleast only to effect to which nothing is specified in the special enactment.
>
> It has been further held that;
>
> "In the case of ***Shankarlal and others v. State of M.P., 1991 MPLJ 445***, this Court was having an occasion to consider the effect of Section 61(1)(a) of the Act due to non-filing of complaint by the complainant for an offence under sections 37 and 38 of the Act. In the said case, the Court has considered the issue of limitation of prosecution as per section 61(2) of the Act with the aid of section 468 of Cr.P.C. In the said case, the offence was committed on 29.04.1988 while challan was filed on 09.08.1989 after more than one year. The Court observed that the limitation of prosecution is six months but by the aid of section 468 of Cr.P.C, the said period is extendable upto one year. The special sanction granted by the Excise Commissioner after one year would be of no help, and concluded that the prosecution is barred by time and the Magistrate could not take cognizance in the matter.
>
> If the analogy drawn in the case of ***Shankarlal*** (supra) is adopted by going through of section 61(2) of the Act then it is evident that for an offence punishable under the Act, the limitation of prosecution either under clause 1(a) or (b) is six months, which may be extendable with the aid of section 468 of Cr.P.C. As the case in hand falls under clause 61(a)(b) of the Act to which special sanction of the State Government or the Excise Commissioner under section 7(e) of the Act has not yet been received despite granting opportunity, however, in the context of provisions of section 61(1)(2) of the Act, the prosecution is not within limitation, and Court can not take cognizance."

In this case, law as to limitation and condonation of delay in initiating criminal proceeding against an accused under the Act has been dealt at length. It also provides for maximum period upto which courts with the aid of general law under Cr.P.C can take cognizance of offences under the Act.

Similar position of law was laid down in the case of ***Aas Mohammad v. State of M.P., 2017 (1) MPWN 31*** in the following words;

> ".....In addition to the aforesaid, looking to the provision of section 61(1) & (2) of the Act, the compliance as contemplated to get sanction after six months is mandatory by following the procedure prescribed otherwise Magistrate cannot take cognizance due to not filing the prosecution within limitation. In such circumstances, taking of cognizance after six months from the date of occurrence by the Court is contrary to the provisions of law."

Opportunity for producing sanction

Another question which is required to be considered is, whether opportunity should be given to the prosecution for presenting the sanction of the State Government? Courts may consider it appropriate to give reasonable opportunity for producing sanction of the State Government. As presentation of sanction is a procedural requirement and no offender should get away from the clutches of law without being tried merely because of lapse in procedure.

Conclusion

To conclude the above discussion, it can be said that whenever any complaint/ final report is presented before a Judicial Magistrate by the competent officers under the Act, it must be closely scrutinized on the following grounds;

1. On the ground of limitation whether prosecution has been initiated within six months from the date of offence if not, whether it is supported by sanction of the State? If yes, then after what period of time such report/complaints along with the sanction is presented before the court.
2. Against whom and under what conditions/sections the prosecution is initiated?
3. A reasonable opportunity for producing sanction of the State Government may be given to the prosecution.

●

विधिक समस्याएँ एवं समाधान

(इस स्तम्भ के अन्तर्गत मध्यप्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों द्वारा अकादमी के संज्ञान में लाई गई विधिक समस्याओं का उपयुक्त हल प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाता है। स्तम्भ के लिये न्यायिक अधिकारी अपनी विधिक समस्याएँ अकादमी को भेज सकते हैं। चयनित समस्याओं के समाधान आगामी अंकों में प्रकाशित किये जाएंगे।)

1. क्या धारा 437–ए दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधान आज्ञापक प्रकृति के हैं ?

धारा 437–ए दण्ड प्रक्रिया संहिता किसी आपराधिक विचारण में, विचारण की समाप्ति के पूर्व अगले अपीलीय न्यायालय में अभियुक्त के उपसंजात होने के लिए जमानत बन्धपत्र निष्पादित करने की अपेक्षा करती है। प्रावधान में 'shall' शब्द का प्रयोग किया गया है इस कारण विचारण न्यायालय के समक्ष यह दुविधा उत्पन्न होती है कि क्या धारा 437–ए दण्ड प्रक्रिया संहिता में उल्लेखित प्रावधान आज्ञापक प्रकृति के हैं ?

यह सामान्य धारणा है कि जहाँ कहीं किसी विधि में 'shall' शब्द आया है तो वह आज्ञापक है और जहाँ 'may' शब्द आया है तो वह 'निदेशात्मक' है, किन्तु यह सामान्य धारणा प्रत्येक मामले में नियम के रूप में लागू नहीं की जा सकती है। कोई प्रावधान आज्ञापक प्रकृति का है या नहीं यह केवल प्रावधान में उपयोग किये गये शब्दों पर निर्भर नहीं करता है वरन् इस बात पर भी निर्भर करता है कि उक्त विधि को बनाने के पीछे विधायिका का क्या उद्देश्य है। इस l aEkkea ***राजा बुलंद शुगर कम्पनी लि. विरूद्ध द म्यूनिसिपल बोर्ड, रामपुर, ए.आई.आर. 1965 एससी 895*** अवलोकनीय है।

जहाँ तक धारा 437–ए दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधान का संबंध है, यद्यपि 'shall' शब्द का प्रयोग किया गया है किन्तु संहिता में यह उल्लेख नहीं किया गया है कि धारा 437–ए के प्रावधान के अननुपालन का परिणाम क्या होगा! यदि अभियुक्त को जमानत बन्धपत्र निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया है और वह जमानत बन्धपत्र निष्पादित करने में किसी भी कारण से असफल या असमर्थ रहता है तब उसे अभिरक्षा में प्रेषित नहीं किया जा सकता है क्योंकि या तो वह जमानत पर स्वतंत्र है या अभिरक्षा में है। अभियुक्त के विरूद्ध निर्देशों के अननुपालन हेतु धारा 446 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत भी कार्यवाही नहीं की जा सकती क्योंकि बन्धपत्र की किसी शर्त का भंग नहीं हुआ है। जहाँ किसी प्रावधान के अननुपालन का कोई परिणाम निर्दिष्ट नहीं हो वहाँ ऐसे प्रावधान को आज्ञापक प्रकृति का नहीं कहा जा सकता है। इस संबंध में ***सरीना ओ.पी. विरूद्ध केरल राज्य, 2012 एससीसी ऑनलाईन केरल 31978*** अवलोकनीय है।

●

2. क्या एन.डी.पी.एस. एक्ट के अन्तर्गत उल्लेखित सभी अपराध अजमानतीय प्रकृति के है?

हाल ही में ***रिया चक्रवर्ती विरूद्ध महाराष्ट्र राज्य, आपराधिक जमानत आवेदन क्रमांक 2386/2020 आदेश दिनांक 07.10.2020*** में बाम्बे उच्च न्यायालय द्वारा एन.डी.पी.एस. एक्ट

के अन्तर्गत उल्लेखित सभी अपराधों के अजमानतीय होने के संबंध में मत प्रकट किया है जिससे विचारण न्यायालय के समक्ष भ्रम की स्थिति निर्मित हुई है।

एन.डी.पी.एस. एक्ट स्वयं अपराधों के जमानतीय अथवा अजमानतीय होने के संबंध में मौन है किन्तु धारा 37 का शीर्षक ''अपराधों का संज्ञेय और अजमानतीय होना'' भ्रम उत्पन्न करता है और इसी को आधार बनाकर ***रिया चक्रवर्ती*** (पूर्वोक्त) मामले में एन.डी.पी.एस. एक्ट के अन्तर्गत सभी अपराधों का अजमानतीय होना बताया गया है। किसी प्रावधान का शीर्षक उसकी सम्पूर्ण अन्तर्वस्तु का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। धारा 37 की अन्तर्वस्तु में अधिनियम के सभी अपराधों का संज्ञेय होना तो उल्लेखित है किन्तु वहाँ जमानतीय अथवा अजमानतीय होने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है इसी तथ्य को ध्यान में रखकर बाम्बे उच्च न्यायालय आदेश द्वारा ही पूर्व में ***स्टीफन मुलर विरूद्ध महाराष्ट्र राज्य, आपराधिक याचिका क्रमांक 2939/2009 आदेश दिनांक 23.06.2010*** में एन.डी.पी.एस. एक्ट के अन्तर्गत उल्लेखित अपराधों के जमानतीय अथवा अजमानतीय होने के संबंध में दण्ड प्रक्रिया संहिता की अनुसूची लागू होने संबंधी मत व्यक्त किया गया था। इस संबंध में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा ***शरद केवट विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य,*** (आपराधिक अपील क्रमांक 1759/2001 आदेश दिनांक 9.8.2002) में एन.डी.पी.एस. एक्ट के मामलों में दण्ड प्रक्रिया संहिता की अनुसूची को लागू करते हुए अल्प मात्रा के अपराध जमानतीय होने संबंधी मत व्यक्त किया गया है।

यद्यपि ***रिया चक्रवर्ती*** (पूर्वोक्त) में बाम्बे उच्च न्यायालय द्वारा न्यायदृष्टांत ***पंजाब राज्य विरूद्ध बलदेव सिंह, एआईआर 1999 एससी 2378 तथा उड़ीसा राज्य विरूद्ध लक्ष्मण जैना, 2002(2) एसीडी (क्रिमिनल) 567*** को आधार बनाया गया है किन्तु उक्त दोनों ही न्यायदृष्टांत मुख्य रूप से धारा 37 पर केन्द्रित नहीं है। पूर्ण रूप से पढ़ने पर यह स्पष्ट है कि उक्त मामलों में धारा 37 का केवल संदर्भ लिया गया है इस संबंध में कोई विधि प्रतिपादित नहीं की गई है। इस प्रकार ***शरद केवट*** (पूर्वोक्त) में दिये मत के अनुसार एन.डी.पी.एस. एक्ट के मामले जमानतीय/अजमानतीय होने के परिप्रेक्ष्य में दण्ड प्रक्रिया संहिता की प्रथम अनुसूची के द्वितीय भाग द्वारा अधिशासित होंगे।

●

3. क्या धारा 37 के अर्थों में आयुध अधिनियम के अन्तर्गत अपराध जमानतीय हैं ?

यह सुस्थापित है कि जब किसी विशेष विधि के अन्तर्गत अपराध के जमानतीय होने का संबंध है, यदि विशेष विधि इस संबंध में प्रावधान करती है तो विशेष विधि के प्रावधान लागू होंगे और यदि विशेष विधि इस संबंध में मौन है तो दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधान लागू होंगे।

आयुध अधिनियम के अन्तर्गत स्पष्ट प्रावधान के अभाव में दण्ड प्रक्रिया संहिता की प्रथम अनुसूची का द्वितीय भाग महत्वपूर्ण है जिसका तीसरा खण्ड तीन वर्ष से कम के दण्ड से दण्डनीय अपराध के जमानतीय होने का प्रावधान करता है। आयुध अधिनियम की धारा 37 के अनुसार, जब गिरफ्तारी पुलिस अथवा मजिस्ट्रेट से भिन्न व्यक्ति द्वारा की गई है और वह गिरफ्तार व्यक्ति को अविलम्ब निकटतम थाने के भारसाधक अधिकारी के सुपुर्द कर देता है तब पुलिस अधिकारी

गिरफ्तार व्यक्ति को बंधपत्र निष्पादित करने पर रिहा कर देता है और सम्बंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करता है। धारा 37 आयुध अधिनियम के प्रावधान उसी दशा में लागू होंगे जब गिरफ्तारी पुलिस एवं मजिस्ट्रेट से भिन्न व्यक्ति द्वारा की गई हो। लेकिन जब गिरफ्तारी पुलिस/मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है धारा 37 आयुध अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होंगे। धारा 37 में गिरफ्तार व्यक्ति को जमानत पर छोड़ा जाना केवल सीमित उद्देश्य के लिए होता है ताकि उक्त व्यक्ति की मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। इसका यह तात्पर्य नहीं है कि आयुध अधिनियम के अन्तर्गत सभी अपराध धारा 37 के प्रभाव में जमानतीय है। इस सम्बंध में राजस्थान उच्च न्यायालय का न्यायदृष्टांत ***अमर सिंह विरूद्ध राजस्थान राज्य, 2014 एससीसी ऑनलाइन 4905*** अवलोकनीय है।

●

4. मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 में 'न्यायालय' तथा 'सिविल न्यायालय' से क्या तात्पर्य है?

मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 8 में रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट के निष्कर्ष के विरूद्ध ''सिविल न्यायालय'' में वाद संस्थित किए जाने तथा धारा 12 में ''सिविल न्यायालय'' के समक्ष किसी कार्यवाही में लोक न्यास सृजन से आशयित दस्तावेज प्रस्तुत होने की दशा में अपेक्षित कार्यवाही के प्रावधान हैं। धारा 24 में ''न्यायालय'' के समक्ष अपील तथा धारा 26 एवं 27 में ''न्यायालय'' को आवेदन और उस पर सुनवाई की शक्तियों के प्रावधान किए गए हैं। स्पष्ट है कि विधायिका ने अलग–अलग संदर्भ में ''न्यायालय'' और ''सिविल न्यायालय'' का उल्लेख किया है। मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 2(1) में ''न्यायालय'' को परिभाषित किया गया है। जिसके अनुसार, न्यायालय से तात्पर्य जिले में आरंभिक अधिकारिता का प्रधान सिविल न्यायालय से है अर्थात् जिला न्यायाधीश का न्यायालय। लेकिन अधिनियम में ''सिविल न्यायालय'' को परिभाषित नहीं किया गया है।

व्यवहार न्यायालय अधिनियम, 1958 की धारा 3 विभिन्न प्रकार के सिविल न्यायालयों का वर्गीकरण करती है। जहां किसी अधिनियम में ''सिविल न्यायालय'' उल्लेखित है वहाँ साधारणतः सिविल न्यायालय से तात्पर्य व्यवहार न्यायालय अधिनियम की धारा 3 में उल्लेखित ''सिविल न्यायालय'' से है जो सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 15 से 20 के अनुसार, किसी वाद के लिए वाद के मूल्यांकन के अनुसार यथा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–2, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–1 अथवा जिला न्यायाधीश का न्यायालय हो सकता है अर्थात् मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 8 एवं 12 में उल्लिखित ''सिविल न्यायालय'' से तात्पर्य व्यवहार न्यायालय अधिनियम, 1958 की धारा 3 के अनुसार सामान्य ''सिविल न्यायालय'' से है। जबकि धारा 23, 26 एवं 27 में उल्लिखित ''न्यायालय'' जिला न्यायाधीश का न्यायालय है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***बद्री प्रसाद विरूद्ध उमाशंकर, 1961 एमपीएलजे 394*** अवलोकनीय है।

●

5. क्या ऐसा व्यक्ति अभियोजन साक्षी के रूप में उपस्थित हो सकता है जिसका अनुसंधान के समय विवेचना अधिकारी द्वारा धारा 161 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत कथन ही नहीं लिया गया है।

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 161 साक्षी द्वारा अन्वेषण के दौरान पुलिस अधिकारी के समक्ष किये गये कथन को लेखबद्ध करने का प्रावधान करती है और यदि वह ऐसा करता है तो धारा 162 के अनुसार ऐसे कथनों को हस्ताक्षरित नहीं किया जाता है। जहां तक उक्त कथनों के उपयोग का संबंध है यदि किसी साक्षी का पूर्वतन कथन लेखबद्ध किया गया है और उसे जांच या विचारण में अभियोजन की ओर से साक्ष्य में आहूत किया जाता है तब यदि उसके कथन का कोई भाग सम्यक् रूप से साबित कर दिया गया हो तो अभियुक्त द्वारा और न्यायालय की अनुज्ञा से अभियोजन द्वारा उसका उपयोग ऐसे साक्षी का खंडन करने के लिए भारतीय साक्ष्य अभिनियम, 1872 की धारा 145 में उपबंधित रीति से किया जा सकता है।

दण्ड प्रक्रिया संहिता में उपबंधित प्रावधान से यह स्पष्ट है कि धारा 161 के तहत लेखबद्ध किया गया कथन तात्विक साक्ष्य नहीं है और उसका उपयोग केवल ऐसे साक्षी को प्रस्तुत करने पर खंडन हेतु किया जा सकता है। इसका यह तात्पर्य नहीं है कि यदि किसी साक्षी का अन्वेषण के दौरान धारा 161 के अन्तर्गत कथन लेखबद्ध नहीं किया गया है तो उसकी साक्ष्य नहीं ली जा सकती क्योंकि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धाराएं 230 एवं 242 यह उपबंधित करती है कि न्यायालय अभियोजन के आवेदन पर किसी भी साक्षी को आहूत कर सकता है। धारा 311 यह उपबंधित करती है कि यदि प्रकरण के समुचित निराकरण के लिए किसी व्यक्ति की साक्ष्य आवश्यक है तो उसे किसी भी प्रक्रम पर आहूत किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा ***आनंद दोहरे विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य, 2017 (***II***) एमपीजेआर 142*** में यह प्रतिपादित किया गया है कि भले ही धारा 161 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अधीन किसी साक्षी के कथन न लिये गये हों तब भी न्यायालय का यह कर्तव्य है कि वह अभियोजन पक्ष के समर्थन में प्रस्तुत संपूर्ण साक्ष्य को ले और ऐसे साक्षी को धारा 311 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत परीक्षित किया जा सकता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***राजाराम प्रसाद यादव विरूद्ध बिहार राज्य, ए.आई.आर. 2013 एस.सी. 3081*** भी अवलोकनीय है।

●

PART - II

NOTES ON IMPORTANT JUDGMENTS

278. ARBITRATION AND CONCILIATION ACT, 1996 – Sections 2 (1) (f) and 11 (6)

Jurisdiction for arbitration – Petitioner is a company incorporated in India; whereas the respondent is a company incorporated under the laws of Hong Kong – Once the parties have chosen Hong Kong as the place of arbitration to be administered in Hong Kong, laws of Hong Kong would govern the arbitration. The Indian courts have no jurisdiction for appointment of the arbitrator.

माध्यस्थम् एवं सुलह अधिनियम, 1996 – धाराएं 2 (1) (च) एवं 11 (6) मध्यस्थता के लिए क्षेत्राधिकार – याचिकाकर्ता भारत में निगमित कंपनी है जबकि प्रत्यर्थी हांगकांग के कानूनों के अधीन निगमित कंपनी है – जब एक बार पक्षकारों द्वारा हांगकांग का मध्यस्थता के स्थान के रूप में चयन कर लिया गया हो तब वह हांगकांग में प्रशासित किया जायेगा, हांगकांग के कानून मध्यस्थता को नियंत्रित करेंगे – मध्यस्थ की नियुक्ति के लिए भारतीय न्यायालयों को कोई क्षेत्राधिकार नहीं होगा।

Mankastu Impex Private Limited v. Airvisual Limited

Judgment dated 05.03.2020 passed by the Supreme Court in Arbitration Petition No. 32 of 2018, reported in AIR 2020 SC 1297 (Three-Judge Bench)

Relevant extracts from the judgment:

The petitioner is a company incorporated in India; whereas the respondent is a company incorporated under the laws of Hong Kong. Section 2(1)(f) of the Act defines "International Commercial Arbitration". As per Section 2(1)(f), to be an "International Commercial Arbitration", three factors ought to be fulfilled – (i) arbitration; (ii) considered as commercial under the laws in force in India; and (iii) at least one of the parties is national or habitual resident in any country other than India. In the present case, since the respondent is a company incorporated under the laws of Hong Kong, we are concerned with "International Commercial Arbitration".

The words in Clause 17.1 "without regard to its conflicts of laws, provisions and courts at New Delhi shall have the jurisdiction" do not take away or dilute the intention of the parties in Clause 17.2 that the arbitration be administered in Hong Kong. The words in Clause 17.1 do not suggest that the seat of arbitration is in New Delhi. Since Part-I is not applicable to "International Commercial Arbitrations", in order to enable the parties to avail the interim relief, Clause 17.3 appears to have been added. The words "without regard to its conflicts of laws, provisions and courts at New Delhi shall have the jurisdiction" in Clause

17.1 is to be read in conjunction with Clause 17.3. Since the arbitration is seated at Hong Kong, the petition filed by the petitioner under Section 11(6) of the Act is not maintainable and the petition is liable to be dismissed.

●

279. ARBITRATION AND CONCILIATION ACT, 1996 – Sections 34 and 37

Setting aside an arbitral award – Patent illegality – A new ground of "patent illegality" has been inserted by Section 34 (2-A) for setting aside a domestic award – Instances of patent illegality explained.

माध्यस्थम् एवं सुलह अधिनियम, 1996 – धाराएं 34 एवं 37

माध्यस्थम् अधिनिर्णय को अपास्त करना – प्रत्यक्ष अवैधानिकता – धारा 34 (2–क) द्वारा स्थानीय अधिनिर्णय को अपास्त करने के लिए ''प्रत्यक्ष अवैधानिकता'' का एक नया आधार समाविष्ट किया गया – प्रत्यक्ष अवैधानिकता के उदाहरणों को समझाया गया।

Patel Engineering Ltd. v. North Eastern Electric Power Corporation Ltd.

Order dated 22.05.2020 passed by the Supreme Court in Special Leave Petition (C) No. 3584 of 2020, reported in (2020) 7 SCC 167 (Three-Judge Bench)

Relevant extracts from the order:

Pursuant to the recommendations of the Law Commission, the 1996 Act was amended by Act 3 of 2016, which came into force w.e.f. 23.10.2015. The ground of "patent illegality" for setting aside a domestic award has been given statutory force in Section 34(2-A) of the 1996 Act. The ground of "patent illegality" cannot be invoked in international commercial arbitrations seated in India. Even in the case of a foreign award under the New York Convention, the ground of "patent illegality" cannot be raised as a ground to resist enforcement, since this ground is absent in Section 48 of the 1996 Act. The newly inserted sub-section (2-A) in Section 34, reads as follows:-

> "34. (2-A) An arbitral award arising out of arbitrations other than international commercial arbitrations, may also be set aside by the Court, if the Court finds that the award is vitiated by patent illegality appearing on the face of the award.
>
> Provided that an award shall not be set aside merely on the ground of an erroneous application of the law or by re-appreciation of evidence."

The present case arises out of a domestic award between two Indian entities. The ground of patent illegality is a ground available under the statute for setting aside a domestic award, if the decision of the arbitrator is found to be perverse, or, so irrational that no reasonable person would have arrived at the same; or, the construction of the contract is such that no fair or reasonable person would take; or, that the view of the arbitrator is not even a possible view.

●

***280. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Section 11**

***Res judicata* – Applicability of – Earlier petition dismissed under Order 7 Rule 11 without adjudicating on merits – Subsequent suit claiming same relief, not barred by *res judicata*.**

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 – धारा 11

पूर्व न्याय – प्रयोज्यता – गुणागुण पर न्याय निर्णयन के बिना पूर्व याचिका आदेश 7 नियम 11 सि.प्र.सं. के अंतर्गत नामंजूर की गई – समान अनुतोष से संबंधित पश्चातवर्ती वाद *पूर्व न्याय* के द्वारा बाधित नहीं होगा।

Ramchandra Dhakad and Karulal Dhakad v. Kailashchandra Upadhyay and Gram Panchayat, Lotkhedi

Judgment dated 17.02.2020 passed by the High Court of Madhya Pradesh (Indore Bench) in Second Appeal No. 329 of 2015, reported in AIR 2020 (NOC) 712 MP

●

***281. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Section 47**

Execution of decree/award – Can only be to the extent of what has been awarded/decreed – What is awarded/decreed must be independently capable of execution – Parties entered into agreement to sale of immovable property – They referred dispute regarding price of land to sole arbitrator – Whether execution of sale deed could be directed in execution of such award? Held, No – Award was only a declaration fixing price of land – Execution of sale deed can only be directed in suit for specific performance of contract.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 – धारा 47

आज्ञप्ति/अधिनिर्णय का निष्पादन – मात्र उसी सीमा तक हो सकता है, जितना कि अधिनिर्णीत या आज्ञप्त किया गया हो – जो अनुतोष आज्ञप्त/अधिनिर्णीत किया गया हो, उसे स्वतंत्र रूप से निष्पादन योग्य होना चाहिए – पक्षकारों ने अचल संपत्ति के विक्रय का अनुबंध किया – उन्होंने भूमि के मूल्य से संबंधित विवाद को एक मात्र मध्यस्थ को रेफर किया – क्या ऐसे अधिनिर्णय के निष्पादन में विक्रयपत्र निष्पादित करने का निर्देश दिया जा सकता है? अभिनिर्धारित, नहीं – अधिनिर्णय मात्र भूमि का मूल्य निश्चित करने की एक घोषणा था – विक्रयपत्र का निष्पादन केवल अनुबंध के विनिर्दिष्ट अनुपालन के वाद में निर्देशित किया जा सकता है।

Firm Rajasthan Udyog and ors. v. Hindustan Engineering and Industries Limited

Judgment dated 24.04.2020 passed by the Supreme Court in Civil Appeal No. 2376 of 2020, reported in (2020) 6 SCC 660

●

282. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Section 89 (2) (d)

Mediation proceedings – After successful mediation, a compromise must be affected by the court after following prescribed procedure – Any order passed by mediator, cannot be executed by the execution court.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 – धारा 89 (2) (घ)

मध्यस्थता कार्यवाही – सफल मध्यस्थता के पश्चात् न्यायालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए राजीनामा प्रभावशील करना चाहिए – मध्यस्थ द्वारा पारित कोई आदेश निष्पादन न्यायालय द्वारा निष्पादित नहीं किया जा सकता है।

Mohar Singh v. Gajenda Singh

Judgment dated 02.12.2019 passed by the High Court of Madhya Pradesh (Gwalior Bench) in Miscellaneous Petition No. 3914 of 2019, reported in 2020 (3) MPLJ 411

Relevant extracts from the judgment:

Section 89 (2) (c) of CPC speaks about judicial settlement, whereas Section 89 (2) (d) of CPC speaks about mediation. In the present case, it is not the case of the petitioner that by referring the matter to the Mediator the Civil Court had sent the matter for judicial settlement. Under these circumstances, in the considered opinion of this Court, Section 89 (2) (d) of CPC would apply, which speaks about the mediation. However, it is further provided that the Court shall affect a compromise between the parties and shall follow such procedure as may be prescribed. It is not the claim of the petitioner that after the talks were declared successful by the Mediator, any further action was taken by the petitioner before the Civil Court. Accordingly, this Court is of the considered opinion that the Executing Court did not commit any mistake by holding that since the order passed by the Mediator is not executable, therefore, the execution proceedings are not maintainable.

●

283. CIVIL PROCEDURE CODE, 1908 – Section 96, Order 23 Rules 3 and 3-A and Order 43 Rule 1-A

(i) Compromise decree; challenge to – No appeal lies against compromise decree – Separate suit challenging compromise decree is not maintainable – Only remedy is to approach the same court which recorded the compromise by way of application under proviso to Order 23 Rule 3.

(ii) Compromise decree; challenge to – When can an appeal lie? Held, a right has been given under Order 43 Rule 1-A(2) to a party who denies the compromise and invites order of Court in that regard while preferring an appeal against the decree.

अनुपालन आवश्यक नहीं है – ऐसे मामलों में राजपत्रित अधिकारी के समक्ष तलाशी ली गई थी अथवा नहीं, महत्वहीन हो जाता है।

(ii) न्यायालय के समक्ष संपूर्ण निषिद्ध पदार्थ की प्रस्तुति – कब आवश्यक नहीं? विचारण के दौरान नमूना एवं थैला जिससे निषिद्ध पदार्थ बरामद की गई थी, प्रस्तुत किए गए थे – सील के साथ छेड़छाड़ का कोई तर्क नहीं था – अभिनिर्धारित, यदि जप्ती अन्यथा अभिलेख से साबित होती हो, तो संपूर्ण निषिद्ध पदार्थ की न्यायालय में प्रस्तुति आवश्यक नहीं है।

Than Kunwar v. State of Haryana

Judgment dated 02.03.2020 passed by the Supreme Court in Criminal Appeal No. 2172 of 2011, reported in (2020) 5 SCC 260

Relevant extracts from the judgment:

As regards the contention of violation of Section 50 it is based on there being personal search of the accused. PW 6, the ASI has, *inter alia*, stated as follows:

> "Personal search of accused was taken by the lady constable under the shadow of the jeep. I do not remember … I do not remember the direction of the jeep under which the personal search of the accused was taken. The lady constable has alone taken away the accused for personal search … I do not remember whether at the time of personal search driver of the jeep was in the jeep or not."

Having regard to the judgment by the three-Judge Bench, which directly dealt with this issue viz. the correctness of the view in ***Dilip v. State of M.P., (2007) 1 SCC 450***, reliance placed by the appellant on para 16 may not be available. As already noticed, we are not oblivious of the observation which has been made in the other three-Judge Bench judgment of this Court in ***Raju v. State of W.B., (2018) 9 SCC 708***, which it appears, was not brought to the notice to the Bench which decided the case later in ***State of Punjab v. Baljinder Singh, (2019) 10 SCC 473***. We notice however that the later decision draws inspiration from the Constitution Bench decision in ***State of Punjab v. Baldev Singh, (1999) 6 SCC 172.*** We also notice that this is not a case where anything was recovered on the alleged personal search. The recovery was effected from the bag for which it is settled law that compliance with Section 50 of the Act is not required.

In the circumstances, as noted above, though there appears to be doubt created about whether the DSP was present, upon being called by PW 7 having regard to the testimony of the DSP in the other case, in view of the fact that the contraband articles were in fact recovered upon search of the bag, and bearing in mind the view taken by this Court in ***Baljinder Singh*** (supra), we do not find merit in the argument of the appellant.

x x x

The Court also went to hold in ***State of Rajasthan v. Sahi Ram, (2019) 10 SCC 649*** that if seizure is otherwise proved on record and it is not even doubted or disputed, it need not be placed before the Court. The Court further held that if the seizure is otherwise proved what is required to be proved is the fact that samples taken out of a contraband are kept intact.

In the facts of this case, no doubt the contraband article weighed 6 kg 300 gm. A perusal of the judgment of the trial court does not appear to suggest that the appellant had taken the contention regarding non-production of the contraband before the trial court. This contention as such is not seen as taken before the High Court. This is a case where the sample was produced. There is no argument relating to the tampering with the seal. We further notice that in the deposition of the investigating officer (PW 7), he has stated as follows:

> "The case property is Ext. P-1, sample is Ext. P-2, sample seal is Ext. P-3 and the bag in which the case property was recovered from the possession of the accused present in the court is Ext. P-4."

●

323. N.D.P.S. ACT, 1985 – Section 21 (as amended by Amendment Act 9 of 2001)

Determination of quantity – In case of seizure of mixture of Narcotic Drugs or Psychotropic Substances with one or more neutral substance(s), the quantity of neutral substance(s) is not to be excluded and to be taken into consideration along with actual content by weight of the offending drug, while determining the "small or commercial quantity" of the Narcotic Drugs or Psychotropic Substances – Law explained. (*E. Micheal Raj v. Intelligence Officer, Narcotic Control Bureau, AIR 2008 SC 1720* case overruled)

स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 – धारा 21 (2001 के 9वें संशोधन अधिनियम द्वारा यथा संशोधित)

मात्रा का निर्धारण – एक या अधिक उदासीन पदार्थ के साथ अभिगृहीत स्वापक औषधि या मनःप्रभावी पदार्थ के मिश्रण में से उदासीन पदार्थ की मात्रा को अपवर्जित नहीं किया जा सकता और उसे प्रश्नगत औषधि की मात्रा के साथ विचार में लिया जावेगा जबकि स्वापक औषधि अथवा मनःप्रभावी पदार्थ की अल्प अथवा वाणिज्यिक मात्रा का निर्धारण किया जाना हो – विधि समझाई गई। (*ई. माइकल राज विरुद्ध इंटेलीजेंस ऑफीसर, नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो, एआईआर 2008 एससी 1720*)

Hira Singh and anr. v. Union of India and anr.

Judgment dated 22.04.2020 passed by the Supreme Court in Criminal Appeal No. 722 of 2017, reported in AIR 2020 SC 3255 (Three-Judge Bench)

Relevant extracts from the judgment:

In view of the above and for the reasons stated above, Reference is answered as under:

(i) The decision of this Court in the case of ***E. Micheal Raj*** (Supra) taking the view that in the mixture of narcotic drugs or psychotropic substance with one or more neutral substance(s), the quantity of the neutral substance(s) is not to be taken into consideration while determining the small quantity or commercial quantity of a narcotic drug or psychotropic substance and only the actual content by weight of the offending narcotic drug which is relevant for the purpose of determining whether it would constitute small quantity or commercial quantity, is not a good law;

(ii) In case of seizure of mixture of Narcotic Drugs or Psychotropic Substances with one or more neutral substance(s), the quantity of neutral substance(s) is not to be excluded and to be taken into consideration alongwith actual content by weight of the offending drug, while determining the small or commercial quantity of the Narcotic Drugs or Psychotropic Substances;

(iii) Section 21 of the NDPS Act is not stand-alone provision and must be construed along with other provisions in the statute including provisions in the NDPS Act including Notification No. S.O. 2942 (E) dated 18.11.2009 and Notification S.O. 1055 (E) dated 19.10.2001;

(iv) Challenge to Notification dated 18.11.2009 adding "Note 4" to the Notification dated 19.10.2001, fails and it is observed and held that the same is not ultra vires to the Scheme and the relevant provisions of the NDPS Act. Consequently, writ petitions and Civil Appeal No. 5218/2017 challenging the aforesaid notification stand dismissed.

●

324. N.D.P.S. ACT, 1985 – Section 57
EVIDENCE ACT, 1872 – Section 3

(i) Section 57 of N.D.P.S. Act – Not to be interpreted that if report is not sent within two days, the entire proceeding shall be vitiated – Provision is directory.

(ii) Seizure memo – Mere fact that one seal on seizure memo was illegible, does not vitiate the entire proceeding.

स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 – धारा 57
साक्ष्य अधिनियम, 1872 – धारा 3

(i) एन.डी.पी.एस. अधिनियम की धारा 57 की व्याख्या इस अर्थ में नहीं की जानी चाहिए कि दो दिनों के भीतर वांछित प्रतिवेदन नहीं प्रेषित किए जाने पर सम्पूर्ण कार्यवाही दूषित हो जाएगी – प्रावधान निर्देशात्मक है।

(ii) जप्ती पंचनामा – मात्र यह तथ्य कि जप्ती पंचनामे पर लगी हुई सीलों में से एक सील अस्पष्ट/अपठनीय थी, सम्पूर्ण कार्यवाही को दूषित नहीं करता।

Gurmail Chand v. State of Punjab

Judgment dated 23.01.2020 passed by the Supreme Court in Criminal Appeal No. 149 of 2020 reported in AIR 2020 SC 2161

Relevant extracts from the judgment:

In so for as section 57 of N.D.P.S. Act is concerned, it has been held that the said provision is not to be interpreted to mean that in event the report is not sent within two days, the entire proceeding shall be vitiated. The provision has been held to be directory and to be complied with but mere not sending the report within the said period cannot have such consequence as to vitiate the entire proceeding.

The mere fact that one seal was illegible does not vitiate the proceeding.

●

325. PARTNERSHIP ACT, 1932 – Sections 37 and 48

Partnership firm – There is a clear distinction between "retirement of a partner" and "dissolution of a partnership firm"– On retirement of the partner, the reconstituted firm continues and the retiring partner is to be paid his dues in terms of Section 37 of the Partnership Act – In case of dissolution, account has to be settled and distributed as per the mode prescribed in section 48 of the Partnership Act – A partnership firm must have atleast two partners – When there are only two partners and one has agreed to retire, then the retirement amounts to dissolution of the firm.

भागीदारी अधिनियम, 1932 – धाराएं 37 एवं 48

भागीदारी फर्म – ''भागीदार के पदनिवृत्त होने'' और ''एक भागीदारी फर्म के विघटन'' के बीच विभेद – समझाया गया – भागीदार के पदनिवृत्त होने पर पुर्नगठित फर्म जारी रहती है और पदनिवृत्त भागीदार को भागीदारी अधिनियम की धारा 37 की शर्तों के अनुसार उसके देयकों का भुगतान किया जाना चाहिए – विघटन के मामले में खाते भागीदारी अधिनियम की धारा 48 में प्रावधानित तरीकों से निर्धारित और वितरित किये जाने चाहिए – एक भागीदारी फर्म में कम से कम दो भागीदार अवश्य होने चाहिए – जब केवल दो भागीदार हों और एक पदनिवृत्ति हेतु सहमत है तब ऐसी पदनिवृत्ति का परिणाम फर्म का विघटन होता है।

Guru Nanak Industries, Faridabad and anr. v. Amar Singh (Dead) through LRs.

Judgment dated 26.05.2020 passed by the Supreme Court in Civil Appeal No. 6659 of 2010, reported in AIR 2020 SC 2484 (Three-Judge Bench)

Relevant extracts from the judgment:

There is a clear distinction between 'retirement of a partner' and 'dissolution of a partnership firm'. On retirement of the partner, the reconstituted firm continues and the retiring partner is to be paid his dues in terms of Section 37 of the Partnership Act. In case of dissolution, accounts have to be settled and distributed as per the mode prescribed in Section 48 of the Partnership Act. When the partners agree to dissolve a partnership, it is a case of dissolution and not retirement (See – ***Pamuru Vishnu Vinodh Reddy v. Chillakuru Chandrasekhara Reddy and ors., AIR 2003 SC 1614***). In the present case, there being only two partners, the partnership firm could not have continued to carry on business as the firm. A partnership firm must have at least two partners. When there are only two partners and one has agreed to retire, then the retirement amounts to dissolution of the firm.

●

326. SECURITISATION AND RECONSTRUCTION OF FINANCIAL ASSETS AND ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST ACT, 2002 – Sections 13, 14 and 31

Exercise of power – District Magistrate cannot exercise the power conferred u/s 14 of the SARFAESI Act, 2002 for taking possession of any agricultural land as the provisions of the Act are not applicable in respect of any security interest created in agricultural land.

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 – धाराएं 13, 14 एवं 31

प्राधिकार का प्रयोग – सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधान कृषि भूमि पर सृजित किसी सुरक्षा हित पर लागू नहीं होते हैं, इसलिये जिला मजिस्ट्रेट सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग किसी कृषि भूमि पर कब्जा प्राप्त करने के लिये नहीं कर सकता।

Anil Karma and anr. v. State of M.P. and ors.

Judgment dated 11.09.2019 passed by the High Court of M.P. (Indore Bench) in W.P. No. 1463 of 2019, reported in 2020 (3) MPLJ 634 (DB)

Relevant extracts from the judgment:

It is true that there is a remedy available to the petitioners to approach the Debt Recovery Tribunal but the order passed by the District Magistrate is *void ab initio* in the light of Section 31(i) of SARFAESI Act, 2002 which categorically provides that the provisions of Act of 2002 are not applicable in respect of any security interest created in agricultural land and therefore, once the Act of 2002 was not applicable in respect of the agricultural land, the order passed by the District Magistrate is a nullity and there appears to be no justification in forcing the petitioners to file an appeal.

The Apex Court has dealt with Section 31(i) of the SARFAESI Act, 2002 and in the light of the aforesaid judgment this Court is of the opinion that the impugned order passed by the learned District Magistrate deserves to be set aside and is accordingly set aside. However, it is made clear that the respondent no.2-Bank shall be free to take recourse to other remedies available under the law for realization of debts.

●

327. SPECIFIC RELIEF ACT, 1963 – Section 20

Specific performance – Unless stipulations and terms of contract are certain and parties must have been *consensus ad idem*, specific performance cannot be ordered.

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 – धारा 20

विर्निदिष्ट अनुपालन – जब तक संविदा की शर्तें एवं पद निश्चित न हों एवं पक्षकारों के मध्य सहमति न हो, विर्निदिष्ट अनुपालन हेतु आदेश पारित नहीं किया जा सकता।

Satish Kumar Khandelwal v. Rajendra Jain and ors.

Judgment dated 16.03.2020 passed by the High Court of Madhya Pradesh (Indore Bench) in First Appeal No. 647 of 2008, reported in 2020 (3) MPLJ 173

Relevant extracts from the judgment:

The specific performance of a contract is the actual execution of the contract according to its stipulations and terms, Courts direct the party in default to do the very thing which he contracted to do. Therefore, unless; the stipulations and terms of the contract are certain and parties must have been *consensus ad idem*, the specific performance cannot be ordered. The burden that the stipulations and terms of contract and the minds of parties *ad idem* is always on the plaintiff. If such burden is not discharged, stipulations/terms are uncertain, and the parties are not *ad idem*, there can be no specific performance, for there was no contract at all.

●

328. SPECIFIC RELIEF ACT, 1963 – Sections 34, 38 and 39
EVIDENCE ACT, 1872 – Sections 101 and 102
CIVIL PRACTICE:

(i) Suit for injunction simpliciter – For restraining Govt. Authorities from acting in a particular manner in compliance of orders passed/decisions taken by competent authority – Whether maintainable without challenging such orders/decisions? Held, No – A party aggrieved by an order/decision cannot decide that it is not binding upon it – Has to approach court for seeking such declaration – Such a suit for injunction simpliciter ought to be rejected on that count alone.

(ii) Civil practice – Burden of proof – Initial burden is on the plaintiffs to substantiate their cause – Weakness in defence cannot be the basis to grant relief to the plaintiffs and to shift the burden on defendants.

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 – धाराएं 34, 38 एवं 39

साक्ष्य अधिनियम, 1872 – धाराएं 101 एवं 102

सिविल प्रथाः

(i) मात्र व्यादेश के लिए वाद – शासन के प्राधिकारियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित आदेशों/लिए गए निर्णयों के अनुपालन में विशेष तरीके से कार्य करने से निषेधित किए जाने हेतु – क्या ऐसे आदेशों/निर्णयों को चुनौती दिए बिना पोषणीय है? अभिनिर्धारित, नहीं – किसी आदेश/निर्णय से व्यथित पक्ष स्वयं यह तय नहीं कर सकता कि यह उस पर बाध्यकारी नहीं है – उसे तत्संबंधी घोषणा के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाना होगा – मात्र व्यादेश संबंधी ऐसा वाद इसी आधार पर खारिज कर दिया जाना चाहिए।

(ii) सिविल प्रथा – सबूत का भार – अपने दावे को प्रमाणित करने का प्रारंभिक भार वादी पर है – बचाव में कमी वादीगण को अनुतोष देने और सबूत का भार प्रतिवादीगण पर अंतरित करने का आधार नहीं हो सकती है।

Ratnagiri Nagar Parishad v. Gangaram Narayan Ambekar and ors.

Judgment dated 06.05.2020 passed by the Supreme Court in Civil Appeal No. 2412 of 2020, reported in (2020) 7 SCC 275

Relevant extracts from the judgment:

Arguendo, the plaint as filed by the respondent Nos. 1 to 19 also suffers from another fundamental deficiency. Indeed, it is a cleverly drafted plaint, so as to give an impression that the competent authority had not taken any decision in exercise of statutory powers until the filing of the suit. However, in the written

statement, clear assertion has been made by the defendants (appellant and respondent No. 20) that the decision to allot suit land to the appellant and for setting up the Project was taken after due deliberation and consultation with the expert Committee including in exercise of statutory powers of the concerned authority in that regard. None of these decisions of the competent authority has been assailed by the plaintiffs nor any declaratory relief sought in that regard. In such a case, it would not be enough to ask for permanent injunction simpliciter and the suit so filed ought to have been rejected at the threshold on that count alone. We may usefully advert to the exposition of this Court in ***Kandla Port v. Hargovind Jasraj, (2013) 3 SCC 182***

> "The above case was approved by this Court in ***Krishnadevi Malchand Kamathia v. Bombay Environmental Action Group, (2011) 3 SCC 363***, wherein this Court observed:
>
> > "Thus, from the above it emerges that even if the order/notification is void/voidable, the party aggrieved by the same cannot decide that the said order/ notification is not binding upon it. It has to approach the court for seeking such declaration. The order may be hypothetically a nullity and even if its invalidity is challenged before the court in a given circumstance, the court may refuse to quash the same on various grounds including the standing of the petitioner or on the ground of delay or on the doctrine of waiver or any other legal reason. The order may be void for one purpose or for one person, it may not be so for another purpose or another person."

Applying the principle underlying these dicta, as no declaration has been sought by the plaintiffs in the present case, the suit for simpliciter permanent injunction could not be proceeded further at all.

x x x

Be that as it may, on a fair reading of the judgment of the trial Court, it is manifest that the trial Court had opined that the plaintiffs failed to substantiate the case set out in the plaint regarding the actionable nuisance. The trial Court justly analysed the evidence of the plaintiffs in the first place to answer the controversy before it. The first appellate Court, however, after adverting to the oral and documentary evidence produced by the parties, proceeded to first find fault with the evidence of the defendants to answer the controversy in favour of the plaintiffs. The first appellate Court committed palpable error in not keeping in mind that the initial burden of proof was on the plaintiffs to substantiate their cause for actionable nuisance, which they had failed to discharge. In such a

case, the weakness in the defence cannot be the basis to grant relief to the plaintiffs and to shift the burden on the defendants, as the case may be. Thus understood, the findings and conclusions reached by the first appellate Court will be of no avail to the plaintiffs.

●

329. SUCCESSION ACT, 1925 – Sections 74, 95 and 96
TRANSFER OF PROPERTY ACT, 1882 – Section 54
The testator intended to create an absolutely unfettered right in favour of his wife by virtue of the will – Mere desire for the sale of the property and for the children to get a share in the property therefrom cannot be read as a restricted bar on the absolute right vested with her to deal with the property as she thought fit.

उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 – धाराएं 74, 95 एवं 96

संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 – धारा 54

वसीयत के आधार पर वसीयतकर्ता का आशय अपनी पत्नी के पक्ष में आत्यांतिक अधिकार सृजित करना था – मात्र संपत्ति के विक्रय की इच्छा और संतानों का उसमें अंश प्राप्त करने का आशय संपत्ति के संबंध में संव्यवहार करने के लिए पत्नी में निहित किये गये आत्यांतिक अधिकारों पर प्रतिबंध अधिरोपित किया जाना नहीं समझा जा सकता है।

M.S. Bhavani and anr. v. M.S. Raghu Nandan
Judgment dated 05.03.2020 passed by the Supreme Court in Civil Appeal No. 1798 of 2014, reported in AIR 2020 SC 1441

Relevant extracts from the judgment:

The Right vested under the Will in favour of Nirmala Murthy was an unfettered and absolute right. There is nothing in the wording of the Will which indicates that the testator necessarily required any subsequent sale, mortgage, or lease carried out by Nirmala Murthy to happen with the concurrence or consultation of his children. In fact, when one looks to the circumstances and the family relationship between the testator and his son, it becomes clear that their relations were strained. This is particularly reflected in Ex. P¬17, a letter addressed by Nirmala Murthy to her son, Respondent No. 1 herein, where she specifically alludes to the ill treatment meted out by her son to his sister (Appellant No. 1) and the testator. In light of this, we find that a mere "desire" for the sale of the property and for the children to get a share in the proceeds therefrom cannot be read as a strict bar on the absolute right vested with Nirmala Murthy to deal with the property as she thought fit.

In view of this, we find that the sale deed in question was executed in accordance with the Will dated 07.06.1995 and does not violate its terms. Therefore, Respondent No. 1 is also bound by the same and the finding of the High Court in this regard is liable to be set aside. The Appellants have acquired valid title over the suit property by virtue of the sale deed executed by Nirmala Murthy and are therefore entitled to possession of the same.

●

330. TRANSFER OF PROPERTY ACT, 1882 – Section 106
REGISTRATION ACT, 1908 – Section 17(1)
Lease deed; Compulsory registration of – Whether clause in lease deed stipulating 10% increase in monthly rent each year will make the lease year to year or more than one year requiring compulsory registration? Held – Such clause regarding increased rate of rent by 10% each year was a promise contingent on tenancy being continued beyond one year – Lease deed was not compulsorily registrable.

संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 – धारा 106
रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 – धारा 17(1)
पट्टा विलेख – अनिवार्य पंजीयन – क्या पट्टा विलेख में यह खण्ड कि मासिक किराए में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी, पट्टे को वर्षानुवर्षी या एक वर्ष से अधिक का बना देगा, जिसका पंजीयन अनिवार्य है? अभिनिर्धारित – प्रतिवर्ष किराए में 10 प्रतिशत की वृद्धि संबंधी खण्ड किरायेदारी के एक वर्ष से आगे जारी रहने पर समाश्रित वचन था – पट्टा विलेख अनिवार्य रूप से पंजीयन योग्य नहीं था।

Siri Chand (Dead) through LRs. v. Surinder Singh
Judgment dated 17.06.2020 passed by the Supreme Court in Civil Appeal No. 2617 of 2020, reported in (2020) 6 SCC 288 (Three – Judge Bench)

Relevant extracts from the judgment:

Clause (1) of the rent deed specifically makes it clear that monthly tenancy was created on payment of rent of Rs.2,000/- per month. The payment was to be made before 5th of each month to the owner. The rent deed does not provide for any specific period for which the rent deed was executed. When a rent deed/ lease deed does not provide for a period and when it provides for payment of rent monthly, whether tenancy can be treated from year to year or for any term exceeding one year or reserving a yearly rent? The rent deed does not reserve yearly rent, hence the third condition as noted above is not applicable. The rent deed is not also a lease of immovable property from year to year. There is no mention in the rent deed that it is a lease from year to year, hence the said condition is also not applicable.

Only clause which need to be, thus, considered is as to whether the rent deed was "for any term exceeding one year". The present is a case where rent deed does not prescribe any period for which it is executed. When the lease deed does not mention the period of tenancy, other conditions of the lease/rent deed and intention of the parties has to be gathered to find out the true nature of the lease deed/rent deed. The two conditions written in the rent note are also relevant to notice. First, if payment of rent in any month is not made up to 5th of month, owner shall have right to get the shop evicted and second if the owner is in need of shop, he by serving notice of one month can get the shop vacated.

Clauses of the rent note makes it clear that there was a categorical promise that tenancy is a monthly tenancy and rent is paid every month by 5th of every month. It is true that although in clause (9), it was mentioned that the tenant will be bound for making the rent money by increasing 10% each year, that was promise by the tenant to increase the rent by 10% each year for the period of tenancy, though the period of tenancy was unspecified. Clause (9) may or may not operate in view of specific clauses reserving right of landlord to evict the tenant on committing default of non-payment of rent by 5th of every month or when landlord requires shop by giving one month's notice. Clause (9) was a contingent clause which binds the tenant to increase the rent by 10% each year, which was contingent on tenancy to continue for more than a year, but that clause cannot be read to mean that the tenancy was for a period of more than one year.

When the clauses of rent note are cumulatively read, the intention of the tenant is more than clear that tenancy was only monthly tenancy, which could have been terminated on default of payment of rent by 5th day of any month or by notice of one month. The rent deed did not confer any right to tenant to continue in the tenancy for a period of more than one year nor it can be said that tenancy was created for a period of more than one year. Clause (9), which noticed the promise of the tenant of payment of rent by increasing 10% each year was a promise contingent on tenancy being continued beyond one year but cannot make the tenancy year to year or tenancy for a period of more than one year. Present was a case of tenancy for which no period was specified and looking to all the clauses cumulatively, we find that the rent note was not such kind of rent note, which requires compulsory registration under Section 17(1)(d).

●

PART - II A

भरण–पोषण के मामलों से संबंधित माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा–निर्देश*

वर्तमान समय में अंतरिम भरण–पोषण आवेदन न्यायालयों द्वारा अभिवचनों, कुछ अनुमानों और अपरिष्कृत प्राक्कलन के आधार पर विनिश्चित किये जाते हैं और अंतरिम रूप से कुछ राशि निर्धारित कर दी जाती है। प्रायः पक्षकारों द्वारा मामलों में समुचित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती है जबकि भरण–पोषण के निर्धारण के लिए पक्षकारों की आय और उनके दायित्वों का विवरण महत्वपूर्ण होता है। इन स्थितियों पर विचार कर माननीय उच्चतम न्यायालय ने ***रजनीश विरुद्ध नेहा, 2020 एससीसी ऑनलाइन 903*** में कुटुम्ब न्यायालय या अन्य न्यायालयों में अंतरिम भरण–पोषण या भरण–पोषण संबंधी आवेदनों के निराकरण के संबंध में दिशा–निर्देश जारी किये हैं। भरण–पोषण आवेदन के साथ पक्षकारों की सम्पत्तियों का विवरण देने संबंधी शपथ पत्र का प्रारूप भी निर्धारित किया है।

इन दिशा–निर्देशों के पालन से भरण–पोषण संबंधी आवेदनों के निराकरण में सहायता मिलेगी व न्यायालय द्वारा सुगमता से उचित राशि का निर्धारण किया जा सकेगा। उक्त आदेश में दिये गये निर्देश संक्षिप्त में निम्नानुसार हैं :–

1. कई अधिनियमों के अंतर्गत भरण–पोषण हेतु आवेदन

1. जहां पक्षकार द्वारा भरण–पोषण हेतु विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किये जाते हैं तब न्यायालय पश्चात्वर्ती कार्यवाहियों में अतिरिक्त भरण–पोषण की राशि की आवश्यकता पर विचार करते समय न्यायालय द्वारा पूर्व में पारित भरण–पोषण आदेश में दिलायी गई राशि के समायोजन के आदेश पर भी विचार करेगा।

2. पक्षकारों के लिए यह आज्ञापक है कि वे पूर्व की भरण–पोषण कार्यवाहियों और उनमें पारित आदेश के संबंध में पश्चात्वर्ती कार्यवाहियों में तथ्य स्पष्ट करें।

3. यदि पूर्व की कार्यवाहियों में पारित आदेश में किसी प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता है तो यह उन्हीं (पूर्ववर्ती) कार्यवाहियों में ही होगा।

2. अंतरिम भरण–पोषण

आवेदक के लिए संक्षिप्त आवेदन सहित संपत्तियों के प्रकटीकरण का एक शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य आवश्यकता है।

इस प्रकार दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्रों तथा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर, न्यायालय अंतरिम चरण में भरण–पोषण के लिए प्रदान की जाने वाली अनुमानित राशि का एक वस्तुपरक मूल्यांकन करने की स्थिति में होगा।

---

* श्री सुनील कुमार जैन, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, सीधी (म.प्र.) द्वारा प्रेषित आलेख पर आधारित।

3. शपथ पत्र प्रस्तुति

a) प्रारूप 1, 2 व 3 जो भी लागू हो, में दिये गये अनुसार सम्पत्तियों को दर्शाते हुये शपथ पत्र उभयपक्षों द्वारा संबंधित न्यायालय जैसे कुटुम्ब न्यायालय/जिला न्यायालय या मजिस्ट्रेट के समक्ष लंबित मामलों सहित सभी मामलों में प्रस्तुत किया जावेगा।

b) पक्षकार, जो भरण–पोषण का आवेदन प्रस्तुत करता है, संक्षिप्त में आवेदन के साथ उपरोक्तानुसार सम्पत्तियों को दर्शाते हुये शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा।

c) प्रत्यर्थी द्वारा जवाब के साथ अपनी सम्पत्तियों को दर्शाते हुये शपथ पत्र अधिकतम 4 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किया जावेगा। न्यायालय द्वारा प्रत्यर्थी को जवाब और शपथ पत्र प्रस्तुत करने हेतु दो से अधिक अवसर नहीं दिये जायेंगे। (जानबूझकर या उद्दण्डता से विलम्ब करने के आशय से)

यदि प्रत्यर्थी द्वारा जवाब व शपथ पत्र प्रस्तुत करने में विलम्ब किया जाता है या दो से अधिक बार स्थगन की मांग की जाती है तो न्यायालय द्वारा उसकी प्रतिरक्षा समाप्त की जा सकती है।

विहित समयावधि में प्रत्यर्थी द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत न किये जाने पर न्यायालय भरण–पोषण आवेदन को आवेदक द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र और अभिलेख पर उपलब्ध अभिवचनों के आधार पर निराकृत करने के लिए अग्रसर होगा।

d) शपथ पत्र का प्रारूप संबंधित न्यायालय द्वारा मामले की परिस्थितियों व आवश्यकताओं को देखते हुये परिवर्तित किया जा सकता है।

e) शपथ पत्र में दी गई जानकारी के अतिरिक्त कोई अतिरिक्त जानकारी आवश्यक है तो न्यायालय द्वारा इस संबंध में उचित आदेश पारित किया जा सकेगा।

f) यदि शपथ पत्र में की गई किसी घोषणा या प्रकटीकरण के संबंध में कोई विवाद हो तो व्यथित पक्ष न्यायालय से दूसरे पक्ष से परिप्रश्नों द्वारा प्रकटीकरण करने और संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कराने हेतु सि.प्र.सं. के आदेश 11 के अंतर्गत न्यायालय से निवेदन कर सकेगा।

शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने के बाद यदि न्यायालय आवश्यक समझे तो सि.प्र.सं. के आदेश 10 या साक्ष्य अधिनियम की धारा 165 के प्रावधानों का उपयेाग कर सकेगा।

एक पक्ष की आय की जानकारी प्रायः दूसरे पक्षकार को नहीं होती है। यदि न्यायालय आवश्यक समझे तो साक्ष्य अधिनियम की धारा 106 के प्रावधानों का उपयोग कर सकता है क्योंकि आय, सम्पत्तियों और देनदारियों या उत्तरदायित्वों की जानकारी स्वयं संबंधित पक्ष के व्यक्तिगत ज्ञान में होती है।

g) यदि कार्यवाहियों के लंबन के दौरान किसी पक्षकार के आर्थिक स्तर में किसी प्रकार का परिवर्तन होता है या कोई नई जानकारी किसी पक्षकार के ज्ञान में आती है तो पक्षकार इस संबंध में संशोधित या अनुपूरक शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकता है जो कि न्यायालय द्वारा अंतिम निराकरण के समय विचार में लिया जावेगा।

h) पक्षकारों को आवेदन या जवाब में अभिवचन जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से करना चाहिए। यदि मिथ्या कथन किए जाते हैं और दुर्व्यपदेशन किया जाना पाया जाता है तो न्यायालय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 340 के अंतर्गत अथवा न्यायालय अवमान की कार्यवाही कर सकता है।

i) पक्षकारों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग Economicaly Weaker Section (EWS) या Below the Proverty Line (BPL) वर्ग का होने या नैमित्तिक मजदूर होने की दशा में उपरोक्तानुसार शपथ पत्र प्रस्तुति से उन्मुक्ति प्रदान दी जा सकती है।

j) संबंधित कुटुम्ब न्यायालय/जिला न्यायालय या मजिस्ट्रेट न्यायालय प्रकरण में शपथ पत्र प्रस्तुति से अधिकतम 4 से 6 माह की अवधि के भीतर अंतरिम भरण–पोषण आवेदन का निराकरण करने का प्रयत्न करेगा।

k) प्रत्येक कुटुम्ब न्यायालय में पेशेवर (वृत्तिक) विवाह परामर्शदाता की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

4. लम्बित मामलों में शपथपत्र प्रस्तुत किया जाना

भरण–पोषण के लिए लम्बित सभी आवेदनों में भी माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित प्रारूप 1, 2 या 3 में पक्षकारों द्वारा अपनी सम्पत्तियों व जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया जावेगा।

5. स्थाई भरण–पोषण

a) पक्षकारों द्वारा आय, व्यय, जीवन निर्वाह के स्तर व अन्य के संबंध में स्थाई भरण–पोषण के निर्धारण के संबंध में संबंधित न्यायालय में मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत की जा सकेगी।

b) भुगतान की जाने वाली स्थायी भरण–पोषण राशि निर्धारित करने के लिए विवाह की अवधि ध्यान में रखा जाने वाला एक प्रासंगिक कारक होगा।

c) स्थायी भरण–पोषण निर्धारित करने के समय, जहाँ बच्चों की अभिरक्षा पत्नी के पास है, वहाँ उनके विवाह के लिए उचित खर्च देने का प्रावधान किया जाना चाहिए। खर्चों का निर्धारण पति की आर्थिक स्थिति और परिवार के रीति–रिवाजों को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

d) यदि बच्चों के पक्ष में कोई ट्रस्ट फंड या निवेश है, तो बच्चे से संबंधित समर्थन राशि के निर्धारण के समय इस पर भी ध्यान दिया जाएगा।

6. भरण–पोषण राशि की मात्रा निर्धारित करने हेतु मानदण्ड

अंतरिम या स्थायी भरण–पोषण दिलाये जाने का उद्देश्य यह है कि किसी पक्ष को निराश्रयता और खानाबदोशी से बचाया जावे। परन्तु इसका उद्देश्य दूसरे पक्ष को दण्ड देना भी नहीं है। भरण–पोषण निर्धारण में पक्षकारों के रहन–सहन का स्तर, पत्नी व आश्रित बच्चों की युक्तियुक्त आवश्यकताएं, क्या आवेदक शिक्षित व किसी व्यावसायिक योग्यता से युक्त है? क्या आवेदक के पास स्वतंत्र आय का कोई स्त्रोत है? क्या उसकी आय उसे दाम्पत्य घर में उसके रहने की अवधि के दौरान के उसके स्तर के अनुरूप रखने के लिए पर्याप्त है? क्या आवेदिका विवाह से पूर्व किसी सेवा में थी? क्या वह वैवाहिक स्थिति के दौरान भी कोई कार्य करती थी? क्या पत्नी को अपने रोजगार के अवसर

परिवार के पालन–पोषण व देखभाल के कारण त्यागने पड़े? कितने व्यक्तियों के भरण–पोषण का उत्तरदायित्व अनावेदक पर है, अनावेदक की जिम्मेदारियां यदि कोई हों तो, अनावेदक की भुगतान की योग्यता। काम न करने वाली पत्नी के संबंध में युक्तियुक्त वाद व्यय के खर्च आदि बिन्दुओं पर भी विचार किया जाना चाहिए।

उक्त के अलावा पक्षकारों की उम्र और रोजगार पर भी विचार किया जाना चाहिए। निवास के अधिकार के बारे में भी विचार किया जाना चाहिए। जहां पत्नी कुछ आय अर्जित करती है तो इस बिन्दु पर भी विचार किया जाना चाहिए। अवयस्क बच्चे के भरण–पोषण के बिन्दु के बारे में भी विचार किया जाना चाहिए। किसी पक्षकार की गंभीर बीमारी या शारीरिक अयोग्यता के बिन्दु पर भी विचार किया जाना चाहिए।

7. भरण–पोषण किस दिनांक से देय होगा

यद्यपि न्यायालय द्वारा आवेदन की तिथि से या आदेश की तिथि से भरण–पोषण प्रदान करने के लिए न्यायिक विवेकाधिकार दिया गया है, लेकिन अंतरिम भरण–पोषण के लिए आवेदनों के निराकरण में तात्विक विलंब देखा गया है। इसलिए यह न्यायहित में होगा कि भरण–पोषण आवेदन की दिनांक से आदेशित किया जाए। तदनुसार भरण–पोषण आवेदन दिनांक से देय होगा।

8. भरण–पोषण आदेश का निष्पादन

भरण–पोषण आदेश का निष्पादन हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 28(1), घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम की धारा 20(6) और दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 128, जो भी प्रावधान लागू होते हों, के अनुसार किया जाना चाहिए। भरण–पोषण आदेश का निष्पादन सिविल न्यायालय की धन की डिक्री के अनुरूप सिविल कारागार, कुर्की आदि के माध्यम से सि.प्र.सं. की धारा 51, 55, 58, 60 सहपठित आदेश 21 या अन्य प्रावधानों के अनुसार भी किया जा सकता है।

प्रतिरक्षा अंतिम उपचार के रूप में उन्हीं परिस्थितियों में समाप्त की जानी चाहिए जहां न्यायालय यह पाता है कि व्यतिक्रम जानबूझकर या उदण्डता पूर्वक किया जा रहा है। सक्षम न्यायालय के समक्ष न्यायालय अवमान की कार्यवाही भी की जा सकती है।

शपथ पत्र

भरण–पोषण आवेदन या आवेदन के जवाब के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले शपथपत्रों के तीन प्रारूप माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित किए गए हैं। प्रारूप क्रमांक 3 मेघालय राज्य की जनजातीय परम्पराओं को विचार में लेते हुए उस राज्य के लिए विशेष रूप से बनाया गया है। शेष दो प्रारूप कृषिक व अकृषिक शपथकर्ताओं के लिए अग्रानुसार हैं।

परिशिष्ट I

न्यायालय .....

प्रकरण क्रमांक .....

पक्षकार ..... **याचिकाकर्ता / आवेदक**

बनाम

पक्षकार ..... **प्रतियाची / अनावेदक**

अकृषिक कार्य करने वाले पक्षकार / शपथकर्ता की सम्पत्ति और दायित्वों के संबंध में शपथ पत्र

मैं ..... पिता / पति .....

आयु लगभग ..... वर्ष निवासी ....., शपथ पर अभिवचन व घोषणा निम्नानुसार करती / करता हूँ कि :–

A	**व्यक्तिगत जानकारी :–**	
1.	नाम	
2.	आयु / लिंग	
3.	योग्यता (शैक्षणिक व व्यावसायिक) :	
4.	क्या आवेदक वैवाहिक मकान में / माता–पिता के मकान में / अलग निवासरत् है? आवेदक द्वारा वर्तमान निवास का पता और निवास के स्वामित्व का स्पष्ट विवरण यदि परिवार के अन्य सदस्यों के स्वामित्व का है तो उसका भी विवरण उपलब्ध कराया जावे।	
5.	विवाह की तिथि	
6.	वैवाहिक संबंधों से अलग होने की तिथि	
7.	आवेदक का सामान्य मासिक खर्च (किराया, घरेलू खर्चे, दवाओं के खर्चे, आवागमन के खर्चे आदि)	
B	**वैधानिक कार्यवाहियों के खर्चे और भरण–पोषण यदि कोई दिया जा रहा है, का विवरणः–**	
1.	भरण–पोषण या बच्चों को सहारा देने संबंधी आवेदक व अनावेदक के मध्य की वर्तमान में लंबित या पूर्व में चलाई गई कार्यवाहियों का विवरण।	
2.	क्या किसी घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, दण्ड प्रक्रिया संहिता, हिन्दू विवाह अधिनियम या हिन्दू दत्तक एवं भरण–पोषण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाहियों में कोई भरण–पोषण की राशि दिलायी गई है? यदि हाँ तो उन कार्यवाहियों में दिलाई गई राशि का विवरण।	

3.	यदि राशि दिलाई गई है तो कार्यवाहियों के विवरण आदेश की प्रति सहित प्रस्तुत किए जावें।	
4.	क्या पूर्व की कार्यवाहियों में पारित भरण–पोषण आदेश का पालन किया गया है? यदि नहीं तो बकाया भरण–पोषण का विवरण	
5.	क्या आवेदक द्वारा स्वेच्छा से भरण–पोषण के संबंध में कोई सहयोग प्रदान किया जा रहा है या भविष्य में प्रदान किया जायेगा? यदि हां तो इसका विवरण।	
C	**परिवार के आश्रित सदस्यों के विवरण :–**	
1.	परिवार के आश्रित सदस्य यदि कोई हों।	
अ.	आश्रित से संबंध।	
ब.	आश्रित/आश्रितों की आयु व लिंग	
2.	आश्रित की स्वतंत्र आय या आय के स्त्रोत के संबंध में विवरण जिसमें ब्याज की आय, सम्पत्तियों, पेंशन, आय पर कर दायित्व और इसी प्रकार के अन्य सुसंगत विवरण।	
3.	आश्रित पर खर्च होने वाले व्ययों की अनुमानित राशि।	
D	**शपथकर्ता व आश्रित सदस्य के चिकित्सीय विवरण, यदि कोई हों।**	
1.	क्या पक्षकार या बच्चे या बच्चे किसी शारीरिक या मानसिक अयोग्यता से ग्रस्त हैं या किसी अन्य गंभीर बीमारी से ग्रस्त है? यदि हां तो इस संबंध में चिकित्सा पत्र प्रस्तुत किए जावें।	
2.	क्या परिवार के किसी सदस्य को कोई गंभीर अयोग्यता है और उसके ईलाज हेतु निरंतर चिकित्सा व्ययों की आवश्यकता है? यदि हां तो अयोग्यता प्रमाण पत्र और चिकित्सा व्यय के खर्चों का विवरण।	
3.	क्या कोई पक्षकार या संतान या अन्य कोई परिवार का आश्रित सदस्य जीवन को संकटापन्न बनने वाली किसी बीमारी से ग्रस्त है? जिसके नियमित चिकित्सा खर्चे हों? यदि हाँ तो अस्पताल व चिकित्सा व्ययों का विवरण।	
E	**बच्चों का विवरण :–**	
1.	वर्तमान विवाह से/वैवाहिक संबंधों से/पूर्व विवाह से उत्पन्न संतानें।	
2.	बच्चों के नाम व आयु	
3.	माता/पिता जिसकी अभिरक्षा में बच्चें हैं, का विवरण।	
4.	आश्रित बच्चों के व्ययों का विवरण	
अ.	भोजन, कपड़े व चिकित्सा खर्चे	

ब.	शिक्षा व अन्य सामान्य खर्चे	
स.	अतिरिक्त शिक्षा या किसी व्यावसायिक/शिक्षण कोर्स, विशेष प्रशिक्षण या विशेष कौशल कार्यक्रम से संबंधित आश्रित बच्चों के खर्चे।	
द.	बच्चों की शिक्षा से संबंधित किसी ऋण, बंधक, भार या किश्त (जो कि दी जानी है या दी जा रही है) का विवरण।	
5.	क्या किसी पक्षकार द्वारा स्वेच्छया से बच्चों की शिक्षा आदि पर कोई सहयोग किया जाता है? यदि हाँ, तो इसका विवरण। संभावित अतिरिक्त सहयोग राशि का आंकलित विवरण भी प्रस्तुत किया जावे।	
6.	क्या बच्चों की शिक्षा खर्चों में किसी तृतीय पक्ष द्वारा भी कोई आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है?	
F	**अभिकथनकर्ता की आय का विवरण :–**	
1.	नियोक्ता का नाम	
2.	पद	
3.	मासिक आय	
4.	यदि शासकीय सेवा में है तो वर्तमान वेतन प्रमाण पत्र या पे स्लिप, यदि वेतन सीधे बैंक में जमा किया जाता है तो बैंक जमा खाते का विवरण।	
5.	यदि किसी प्राइवेट सेक्टर में नियोजित है तो नियोक्ता द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र जिसमें पद, कुल मासिक आय का विवरण हो व वर्तमान सेवा अवधि का फार्म 16 संलग्न हो।	
6.	क्या सेवा शर्तों के अनुरूप कोई लाभ यथा गृह भाड़ा भत्ता, यात्रा भत्ता, महंगाई भत्ता या अन्य कोई सेवा लाभ नियोक्ता द्वारा प्रदान किये जाते हैं?	
7.	क्या आयकर की गणना की जाती है। यदि हाँ तो निम्नानुसार आयकर रिटर्न की प्रति प्रस्तुत की जावे :–	
(i)	विवाह से एक वर्ष पूर्व की समयावधि का आयकर रिटर्न।	
(ii)	अलग होने के एक वर्ष पूर्व का आयकर रिटर्न।	
(iii)	भरण–पोषण आवेदन प्रस्तुत किये जाने के समय का आयकर रिटर्न।	
8.	आय के अन्य स्त्रोतों जैसे किराया, ब्याज, शेयर, डिविडेंट, केपीटल गेन, एफडीआर, पोस्ट आफिस जमा, म्युचुअल फण्ड, स्टॉक, डिबेंचर्स, कृषि या व्यवसाय, यदि कोई हो, से प्राप्त आय का विवरण और इस आय के संबंध में कर कटौत्रों (टीडीएस) का विवरण।	
9.	पिछले 03 वर्षों के समस्त बैंक खाते के स्टेटमेन्ट्स की प्रतियां।	

G	**आवेदक द्वारा धारित चल अचल सम्पत्तियों के विवरण :–**	
1.	स्वयं द्वारा अर्जित कोई सम्पत्ति, यदि हो।	
2.	विवाह के पश्चात् पक्षकार द्वारा संयुक्त रूप से धारित कोई सम्पत्ति।	
3.	पूर्वजों की सम्पत्ति में अंश यदि कोई हो।	
4.	पक्षकार की अन्य संयुक्त सम्पत्ति खाते (खाते/ निवेश/ एफडीआर/ म्युचुअल फण्ड/ स्टॉक/ डिबेंचर्स आदि) उनका मूल्य और आधिपत्य की स्थिति।	
5.	अचल सम्पत्ति के कब्जे की स्थिति, किराया, लीज़ आदि का विवरण।	
6.	आवेदक द्वारा दिये गये या लिये गये ऋण का विवरण।	
7.	विवाह के दौरान या पश्चात् पक्षकारों द्वारा अर्जित किये गये आभूषणों का संक्षिप्त विवरण।	
8.	आवेदक द्वारा पूर्व में धारित सम्पत्ति के अंतरण या संव्यवहार से संबंधित विवरण जो विवाह के अस्तित्व में रहने के दौरान किये गये हों। इस विक्रय या अंतरण के कारणों का संक्षिप्त विवरण।	
H	**आवेदक या अभिसाक्षी की जिम्मेदारियों या देनदारियों का विवरण :–**	
1.	ऋण, दायित्व बंधक या आवेदक पर बकाया भार यदि कोई हो का विवरण।	
2.	मासिक किश्त यदि कोई अदा की जा रही हो, का विवरण।	
3.	ऋण या दायित्व लिये जाने की तारीख और उसका उद्देश्य।	
4.	उधार ली गई वास्तविक राशि, यदि कोई हो और शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने की तिथि और वापस अदा की गई राशि का विवरण।	
5.	अन्य कोई जानकारी जो आवेदक की वर्तमान जिम्मेदारियों या देनदारियों के संबंध में सुसंगत हो।	
I	**स्वरोजगार वाले व्यक्ति/व्यवसायी/आंत्रप्रेन्योर या उद्यमी।**	
1.	आवेदक के कार्य/व्यवसाय का संक्षिप्त विवरण।	
2.	क्या कार्य/व्यवसाय व्यक्तिगत रूप से किया जाता है या सोल प्रोपराइटर या भागीदारी कंसर्न, एलएलपी (LLP) कंपनी या व्यक्तियों का संगठन, HUF या संयुक्त परिवार का व्यवसाय या किसी अन्य स्वरूप में है? आवेदक के व्यवसाय में हिस्से का विवरण दिया जावे। भागीदारी की दशा में लाभ हानि के अंश का विवरण दिया जावे।	
3	कार्य/व्यवसाय से कुल आय।	
4.	कार्य/व्यवसाय की देनदारियां या जिम्मेदारियां यदि कोई हों।	

5.	कंपनी के व्यवसाय की दशा में अंतिम लेखा परीक्षण की बैलेंस शीट जो कंपनी के लाभ व हानि दर्शाए।	
6.	भागीदारी फर्म की दशा में अंतिम आयकर रिटर्न प्रस्तुत किया जावे।	
7.	स्वरोजगार की दशा में अंतिम आयकर का रिटर्न प्रस्तुत किया जावे।	
J	**आवेदक द्वारा अनावेदक की आय, सम्पत्ति और जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी :–**	
1.	अनावेदक की शिक्षा और व्यावसायिक योग्यता के संबंध में जानकारी।	
2.	क्या अनावेदक पति या पत्नी द्वारा कोई आय अर्जित की जाती है? यदि हां तो उसके व्यवसाय व आय के संबंध में विवरण।	
3.	यदि आय अर्जित नहीं की जाती है तो क्या वह अपने स्वयं के आवास में/किराये के आवास में या नियोक्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए या व्यवसाय या भागीदारी के संबंध में उपलब्ध आवास में निवास करता है।	
4.	प्रतिपक्ष पति या पत्नी की सम्पत्तियों व जिम्मेदारी जिसकी जानकारी आवेदक को हो से, संबंधित दस्तावेज।	
K	**आवेदक या प्रतिपक्ष पति या पत्नी के अप्रवासी भारतीय/भारत का अन्य देश का नागरिक/विदेशी नागरिक या व्यक्ति जो भारत से बाहर निवास करता है, का विवरण।**	
1.	नागरिकता, राष्ट्रीयता और वर्तमान निवास स्थान का विवरण यदि आवेदक या प्रतिपक्ष पति या पत्नी भारत से बाहर स्थायी या अस्थायी रूप से निवास करता हो।	
2.	आवेदक या प्रतिपक्ष पति या पत्नी का वर्तमान व्यवसाय और वर्तमान विदेशी मुद्रा में आय का विवरण विदेशी नियोक्ता या संस्था द्वारा जारी आय व सेवा के सुसंगत दस्तावेजों व बैंक खाते के विवरण सहित।	
3.	आवेदक या प्रतिपक्ष पति या पत्नी जो विदेश में निवास करता है, के घरेलू व अन्य खर्चों का विवरण।	
4.	आवेदक या प्रतिपक्ष पति या पत्नी का विदेशी क्षेत्र में कर दायित्व।	
5.	आवेदक या प्रतिपक्ष पति या पत्नी के भारत व विदेशी क्षेत्र में अन्य स्त्रोतों से आय का विवरण।	
6.	आवेदक या प्रतिपक्ष पति या पत्नी के द्वारा पति या पत्नी को, बच्चों को सहारा, शिक्षा या चिकित्सा हेतु दिये जाने वाले खर्चे या आंशिक सहयोग का विवरण।	
7.	उपरोक्त में कवर न होने वाली अन्य कोई जिम्मेदारियां या परिवार के किसी अन्य सदस्य जो भारत में निवास करता हो या विदेश में की आश्रितता व जिम्मेदारियों का विवरण।	

घोषणा

1. मैं घोषणा करता/करती हूं कि मैंने अपनी आय, खर्चें और सम्पत्तियों और जिम्मेदारियों के समस्त स्त्रोतों के संबंध में पूर्ण व सही जानकारी को प्रकट किया है। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूं कि इस शपथ पत्र में वर्णित के अलावा मेरे पास अन्य कोई सम्पत्ति, आय, व्यय, जिम्मेदारियां नहीं हैं।

2. मैं यह वचन देता/देती हूं कि इस शपथपत्र में वर्णित मेरे रोजगार, सम्पत्ति, आय या खर्चों में किसी प्रकार का सारभूत परिवर्तन होने पर मैं इसकी सूचना तुरन्त न्यायालय को दूंगा/दूंगी।

3. मुझे इस बात की जानकारी है कि इस शपथ पत्र में किसी भी प्रकार का असत्य विवरण दिये जाने की दशा में न्यायालय अवमान के अलावा मेरा कार्य भारतीय दण्ड संहिता की धारा 199 सहपठित धारा 191 और 193 के अंतर्गत दण्डनीय होगा जो 07 वर्ष तक के कारावास और अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डनीय है और धारा 209 भारतीय दण्ड संहिता जो कि 02 वर्ष तक के कारावास और अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डनीय है। मैंने भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 191, 193, 199 और 209 को पढ़ और समझ लिया है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं ..... पिता ..... पति ..... आज दिनांक ..... को शहर ..... में यह सत्यापित करता/करती हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र के समस्त तथ्य मेरे व्यक्तिगत ज्ञान के आधार पर सत्य हैं। शपथ पत्र में कोई भी बात गलत नहीं लिखाई गई है और कोई भी सारभूत बात छिपाई नहीं गई है। जहां तक शपथ पत्र में मेरे पति/पत्नी की सम्पत्ति, आय या खर्चों का विवरण दिये गये हैं वे मुझे प्राप्त जानकारी और मेरे विश्वास व अभिलेख के आधार पर सत्य हैं। मैं यह भी सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र के साथ मूल की प्रतिलिपियां संलग्न हैं।

शपथकर्ता

परिशिष्ट–2

न्यायालय .....

प्रकरण क्रमांक .....

पक्षकार ..... **याचिकाकर्ता / आवेदक**

बनाम

पक्षकार ..... **प्रतियाची / अनावेदक**

कृषि कार्य करने वाले पक्षकार / शपथकर्ता की सम्पत्ति और दायित्वों के संबंध में शपथ पत्र

मैं ..... पिता ..... आयु लगभग ..... वर्ष निवासी ....., शपथ पर अभिवचन व घोषणा निम्नानुसार करती / करता हूँ कि :–

क्र.		
1.	आवेदक द्वारा धारित ग्रामीण भूमि या भूमियां या भूमि में के स्पष्ट अंश का विवरण।	
2.	स्वामित्व संबंधी जमाबंदी / नामांतरण जो भी हो	
3.	पक्षकार द्वारा धारित भूमि की अवस्थिति (लोकेशन)।	
4.	भूमि सिंचित है अथवा असिंचित	
5.	क्या भूमि कृषि भूमि है या अकृषि	
6.	कृषि या बागवानी (उद्यानिकी) का प्रकार।	
7.	वर्ष के दौरान ली जाने वाली फसल का प्रकार।	
8.	यदि ग्राम की भूमि कृषि योग्य नहीं है तो क्या उसका उपयोग व्यवसाय, लीज या अन्य किसी अन्य कार्य हेतु किया जाता है।	
9.	भूमि से पिछले तीन वर्षों में प्राप्त आय का विवरण	
10.	क्या कोई भूमि लीज / बटाई (या उस स्थानीय क्षेत्र में लीज हेतु प्रचलित या परिभाषित किसी अन्य प्रकार से) ली गई है।	
11(a)	क्या स्वामी के पास पशुधन (Livestock) जैसे भैंसें, गायें, बकरियां, अन्य पशु, मुर्गीयां, मछलियां, मधुमक्खी पालन, सुअर पालन आदि हैं तो उनकी संख्या व उससे प्राप्त आय।	
11(b)	क्या आवेदक डेयरी या दूध उद्योग, मुर्गी पालन, मछली पालन या अन्य किसी पशु पालन गतिविधि में संलग्न है।	

12.	भूमि के प्रति यदि कोई लोन प्राप्त किया गया हो तो उसके विवरण प्रस्तुत किए जावें।	
13.	अन्य कोई आय का स्त्रोत।	
14.	उत्तरदायित्व यदि कोई हो।	
15.	अन्य कोई सुसंगत जानकारी।	

घोषणा

